

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 03 नवंबर 2026 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष -42 ■ अंक-215 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



मोदी पर विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बनने के आरोपों पर साय का पलटवार

राहुल गांधी की बातों में कोई दम नहीं

रायपुर,3 नवंबर। छत्तीसगढ़ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। उनके दौरे पर सवाल दागने वाली कांग्रेस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पलटवार किया। साथ ही राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की बातों में अब कोई दम नहीं रह गया है। कांग्रेस और पूरा विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है।

दिल्ली दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी के पीएम मोदी को



विदेशी ताकतों से प्रधानमंत्री बनाए जाने वाले बयान पर पलटवार किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राहुल की बातों में अब कोई दम नहीं रह गया है। कांग्रेस के पास जब कोई मुद्दा नहीं बचता, तो वह इस तरह की फिजूल की बातें करके देश की जनता को भड़काने का प्रयास करते हैं. लेकिन देश की जनता सब जानती है, इसलिए अब उनकी बातों में नहीं आने वाली है।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे पर कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों पर भी मुख्यमंत्री ने पलटवार किया। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस को इस तरह के सवाल पूछने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई नहीं लड़ी गई। कांग्रेस के असहयोगात्मक रवैये के कारण छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद लंबे समय तक पनपता रहा।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दिल्ली दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि वे भारत मंडपम में आयोजित इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो 2026 में शामिल हुए थे।

नेपाल में दो हेलीकॉप्टरों में टक्कर भारतीय नागरिक की मौत

काठमांडु,3 नवंबर। इस वक्त की बड़ी खबर नेपाल से सामने आ रही है। यहां नेपाल में दो हेलीकॉप्टरों के टकराने से हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक लैंडिंग के दौरान दो हेलीकॉप्टरों की आपस में टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा नेपाल के सोलुखुंबु में हुआ है, जब दो हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दो हेलीकॉप्टरों के बीच टक्कर होते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में



घटनास्थल के पास ही कई लोग खड़े देखे जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक इस हादसे में एक शख्स की मौत हुई है। दरअसल, नेपाल के सोलुखुंबु में दो हेलीकॉप्टरों के आपस में टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य घायल हो गया है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार, फिस्टेल और डायनेस्टी एयर के हेलीकॉप्टर फेरीचे हेलिपैड पर उतरते समय आपस में टकरा गए। प्राधिकरण के सूचना अधिकारी ज्ञानेन्द्र भुल ने बताया कि फेरीचे हेलीपैड पर उतरने के दौरान दोनों हेलीकॉप्टरों के पंखों के टकराने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।सोलुखुंबु जिला पुलिस कार्यालय के डीएसपी नवीनराज बुढाथोकी के अनुसार, खुम्बु पासांगल्हामु फेरीचे हेलीपैड पर उतरते समय दोनों हेलीकॉप्टरों के पंखे आपस में टकरा गए, जिससे यह दुर्घटना हुई।

चक्रवाती तूफान 'मुरासु' आंध्र प्रदेश में तट से टकराया

हैदराबाद,3 नवंबर। चक्रवाती तूफान 'मुरासु' आंध्र प्रदेश में तट से टकरा गया है। चक्रवात मुरासु ने सोमवार देर रात करीब 1 बजे आंध्र प्रदेश के ओंगोल के पास लैंडफॉल किया, जो करीब सुबह तक चला। भारतीय मौसम विभाग यानी आईएमडी के मुताबिक लैंडफॉल के दौरान करीब 110-120km प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। चक्रवात 'मुरासु' के प्रभाव के कारण आंध्र प्रदेश ओडिशा और तमिलनाडु के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो रही है। आईएमडी के मुताबिक मुरासु ने 3 नवंबर की सुबह ओंगोल के पास तट पार कर आगे बढ़ गया है।

सड़क हादसे में महिला की मौत ,नायब तहसीलदार निलंबित

सूरजपुर,3 नवंबर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में सड़क हादसे में महिला की मौत के बाद बवाल के मामले में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। प्रशासनिक लापरवाही के मामले में सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने नायब तहसीलदार करमचंद जाटवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। करमचंद जाटवर बिहारपुर में प्रभारी तहसीलदार के पद पर पदस्थ थे। जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर को ग्राम कुबेरपुर में ट्रैक्टर दुर्घटना के बाद उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति को संभालने में देरी और लापरवाही बरतने का मामला सामने आया था। इस संबंध में मिली शिकायत और जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रशासनिक शिथिलता और कर्तव्य के प्रति उदासीनता पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार करमचंद जाटवर को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पटवारी प्रशिक्षण शाला, अंबिकापुर निर्धारित किया गया है। बता दें कि चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुबेरपुर में 17 अक्टूबर को स्कूटी सवार चंद्रावती जायसवाल को गिट्टी लोड ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी और चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ग्रामीणों ने बस्ती से क्रशर को हटाने और मृतका के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने बाद में ट्रैक्टर और पाठक क्रशर में आग लगा दी थी। जानकारी पर मौके में पहुंची पुलिस और प्रशासन टीम ने स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने बिहारपुर तहसीलदार करमचंद जाटवर, एसडीओपी और थाना प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता को बंधक बना लिया था।

मंत्री राजवाड़े ने पुलिस-प्रशासन को लगाई थी फटकार–इधर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने घटना के बाद चक्काजाम और आगजनी मामले में ग्रामीणों पर हुई कार्रवाई को लेकर पुलिस-प्रशासन को जमकर फटकार लगाई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब घटना दोपहर 12 बजे हुई और आगजनी शाम 6 बजे हुई, तब तक पुलिस-प्रशासन क्या कर रहा था ? मंत्री ने यह भी कहा था कि तीन दिन में छह ग्रामीणों को जेल भेज दिया गया, लेकिन अब तक यह पता नहीं लगाया जा सका कि संबंधित क्रशर वैध है.

छत्तीसगढ़ में अगले 6 महीने नहीं होंगे सरकारी कर्मचारियों के तबादले!

रायपुर,3 नवंबर। छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने जनगणना के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) में संलग्न अधिकारियों और कर्मचारियों का आगामी 6 महीने अथवा जनगणना कार्य पूरा होने तक, जो भी पहले हो, यथासंभव तबादला नहीं करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार जयसवार ने आदेश जारी किया है। GAD की ओर से जारी पत्र सभी विभागों के भारसाधक सचिवों, समस्त संभागायुक्तों और कलेक्टरों को भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का फील्ड कार्य छत्तीसगढ़ में जनवरी-फरवरी 2027 में संपन्न किया जाना है। इसके लिए जिला, अनुविभाग और तहसील स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र के अनुसार, 12 अक्टूबर 2026 से जिला स्तर पर जिला जनगणना अधिकारियों और अनुविभागीय एवं तहसील स्तर पर चार्ज अधिकारियों का सघन प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। इसके बाद नवंबर 2026 में मास्टर ट्रेनर्स, 1 दिसंबर 2026 से फील्ड ट्रेनर्स और 16 दिसंबर 2026 से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान पूरे मैदानी अमले को जनगणना 2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नक्सलमुक्त पंचायतों को एक करोड़ की राशि कब देंगे अमित शाह : दीपक बैज

रायपुर, 3 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे पर पांच सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि जब केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक प्रदेश से नक्सलवाद समाप्त होने की बात कही है, तो नक्सल मुक्त घोषित पंचायतों को एक-एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि अब तक क्यों नहीं दी गई? यह वादा अमित शाह ने 2025 के बस्तर पंडुम में किया था। इसकी सूची भी सार्वजनिक नहीं की गई है। बैज ने कहा कि नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवार मुआवजे के लिए भटक रहे हैं। वहीं, चार हजार से अधिक आदिवासी नक्सली सहयोगी बताकर जेलों में बंद हैं। जब दुर्दांत नक्सलियों के गुनाह माफ किए जा रहे हैं, तो निर्दोष आदिवासियों की रिहाई कब होगी? कांग्रेस सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों और समर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए शुरू की गई



योजनाओं को क्यों कमजोर किया गया?उन्होंने पेसा कानून और पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों की अनदेखी कर बस्तर के जंगलों और खनिजों को कॉरपोरेट घरानों को सौंपने का आरोप लगाया। बैज ने पोलावरम परियोजना में बांध की ऊंचाई बढ़ाने, बोधघाट परियोजना से प्रभावित 56 गांवों और नदियों में औद्योगिक प्रदूषण के मुद्दे पर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने नगरनार संयंत्र को नहीं बेचने के वादे के बावजूद उसे विनिवेश सूची में शामिल किए जाने पर सवाल उठाया। बैज ने कहा कि बस्तर से सरगुजा तक आदिवासी जल, जंगल और जमीन से बेदखल हो रहे हैं।

हाईकोर्ट ने जारी किया महत्वपूर्ण नोटिफिकेशन

अब 2 महीने में जमानत याचिकाओं के निपटारे की होगी कोशिश

बिलासपुर,3 नवंबर। हाईकोर्ट ने जमानत पर फैसलों को लेकर महत्वपूर्ण नोटिफिकेशन जारी किया है। प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जमानत याचिकाओं पर दो माह की समय सीमा में फैसला करने की कोशिश की जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि अनुच्छेद 225 और 227 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट नियम, 2007 में जरूरी संशोधन किया जा रहा है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नियम 120 के मौजूदा उप-नियम (3) के स्थान पर नया उप-नियम जोड़ा गया है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, जमानत याचिका पर जिस बेंच में सुनवाई होगी, वहां मामले की पहली तारीख से अधिकतम दो महीने के भीतर फैसला सुनाया जाएगा। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने देश की सभी अदालतों में जमानत याचिकाओं के त्वरित निपटारे के लिए यह समयसीमा तय की है। इसके अनुसार, जमानत आवेदनों को उनके सामने पहली बार पेश किए जाने की तारीख से दो महीने के भीतर निपटाने का प्रयास किया जाएगा। अग्रिम जमानत के आवेदनों को छह सप्ताह के भीतर निपटाने का प्रयास करने के निर्देश हैं।



नई दिल्ली, 3 नवंबर.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं एक्सपो-2026 के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रदर्शनी स्टॉल पर राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा नीति, निवेश संभावनाओं और हरित ऊर्जा विकास पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया।

इंडियन नेवी ने ईरानी जहाज के 20 क्रू सदस्यों को समुद्री लुटेरों से बचाया

नई दिल्ली,3 नवंबर। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में सोमाली समुद्री लुटेरों के कब्जे से मछली पकड़ने वाला जहाज अजिनी छुड़ा लिया. इंडियन नेवी ने एक बार फिर एक साहसी बचाव अभियान चलाकर ईरानी जहाज 'अजिनी' के 20 क्रू सदस्यों को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचा लिया. इस बड़े रेस्क्यू ऑपरेशन में INS Kolkata ने अहम भूमिका निभाई. यह ऑपरेशन सोमवार को पूरा हुआ. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल अभियान के लिए नौसेना की तारीफ की और इसे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमता का प्रमाण बताया.भारतीय नौसेना ने मुंबई से 3000 किमी से अधिक दूर 48 घंटे से भी ज्यादा बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर हथियारबंद लुटेरों से जहाज के सभी 20 चालक दल को बचाया.12 हथियारबंद



समुद्री लुटेरों ने गुरुवार को सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट जहाज का अपहरण किया था. समुद्री लुटेरों के कब्जे से जहाज और उसके क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकालने के लिए भारतीय नौसेना ने भारतीय वायुसेना की भी मदद ली. यह ऑपरेशन मुंबई से 3000 किलोमीटर से अधिक दूर समुद्र में चलाया गया. करीब 48 घंटे तक चले इस अभियान को सोमवार को पूरा होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना के साहस की प्रशंसा की और बधाई दी. रक्षामंत्री ने इस सफल ऑपरेशन के लिए भारतीय नौसेना की जमकर तारीफ की. उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन को बेहद सावधानी और बेहतर तालमेल के साथ पूरा किया गया.रक्षा मंत्री ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि मछली पकड़ने वाले जहाज 'अज़िनी' के सभी 20 क्रू सदस्यों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने 48 घंटे तक एक बेहद सुनियोजित अभियान चलाया. इस सफल ऑपरेशन के लिए मैं भारतीय नौसेना को बधाई देता हूं. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल अभियान के लिए नौसेना की तारीफ की और इसे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमता का प्रमाण बताया. अधिकारियों की मानें तो सोमाली समुद्री लुटेरों ने ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज 'अजिनी' को अगवा कर लिया था और उसके 20 क्रू मेंबर्स को बंधक बना रखा था. इसकी जानकारी मिलते ही भारतीय नौसेना ने मोर्चा संभाला.

मोदी की आर्थिक स्ट्राइक से पाक में हाहाकार

करांची,3 नवंबर। भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते बंद होने से पाकिस्तान को करीब 40 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है। यह दावा पाक भारत बिजनेस काउंसिल के चेयरमैन नूर मोहम्मद कसूरी ने किया है। उन्होंने दोनों देशों से व्यापारिक संबंध फिर से शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि इससे पाकिस्तान के उद्योगों को राहत मिलेगी और दोनों देशों के कारोबार को फायदा होगा। कसूरी के मुताबिक 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा और द्विपक्षीय व्यापार पर रोक लग गई। इसके बाद पाकिस्तानी कारोबारियों को भारत से मिलने वाले कच्चे माल और अन्य जरूरी सामान के लिए ब्राजील, चीन, मिस्र और अमेरिका जैसे दूर के बाजारों पर निर्भर होना पड़ा। इससे परिवहन और माल ढुलाई का खर्च बढ़ा और सामान की आपूर्ति में भी ज्यादा समय लगने लगा। कसूरी ने पाकिस्तान के फार्मास्यूटिकल उद्योग का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां दवा निर्माण के लिए जरूरी कच्चे माल की



आपूर्ति में भारत की अहम भूमिका थी। अगर भारत से आयात दोबारा शुरू होता है तो पाकिस्तान हर साल करीब 2 से $3 अरब डॉलर बचा सकता है। उन्होंने पाकिस्तान के टेक्सटाइल उद्योग की मुश्किलों का भी जिक्र किया। कसूरी के अनुसार घरेलू स्तर पर कपास का उत्पादन घटने के कारण पाकिस्तानी कपड़ा मिलों को ब्राजील,मिस्र, चीन और अमेरिका से कपास मंगानी पड़ रही है। इससे करीब $5 अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च हुआ है। कसूरी ने कहा कि पाकिस्तान भारत में उत्पादन क्षमता होने के बावजूद कई जरूरी सामान दूर के देशों से आयात कर रहा है। इनमें चीनी, खाद्य, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, लोहा स्टील, सब्जियां और भारी मशीनरी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत की रिफाइनरियां पाकिस्तान के भौगोलिक रूप से काफी करीब है। ऐसे में भारत से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात शुरू होने पर लागत और आपूर्ति का समय दोनों कम हो सकते हैं। भारतीय कृषि और औद्योगिक उत्पादों तक पहुंच मिलने से पाकिस्तानी कंपनियों की उत्पादन लागत भी घट सकती है। पाकिस्तान के कपड़ा उद्योग की चुनौतियों पर चिंता जताते हुए कसूरी ने कहा कि पारंपरिक रूप से कपास उगाने वाले क्षेत्रों में किसान अब गन्ने की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। इससे घरेलू कपास उत्पादन प्रभावित हो रहा है और टेक्सटाइल उद्योग पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार से कपास की खेती को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कृषि नीतियां बनाने की मांग की। उनके मुताबिक घरेलू उत्पादन बढ़ाने के साथ भारत के साथ व्यापार बहाल होने से पाकिस्तान के उद्योगों को राहत मिल सकती है। कसूरी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार बहाल होने से केवल उद्योगों को ही फायदा नहीं होगा बल्कि निवेश, पर्यटन और क्षेत्रीय सहयोग के नए रास्ते भी खुल सकते हैं। उन्होंने खासतौर पर भारतीय पर्यटकों का जिक्र किया जो पाकिस्तान में धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के अलावा अपने पूर्वजों के घरों और गांवों को देखने जाना चाहते हैं।

जायसवाल निको स्टील प्लांट में श्रमिक की मौत

धरसीवां,3 नवंबर। सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र के सबसे बड़े स्टील प्लांट जायसवाल निको में सोमवार को एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के साथ फैक्ट्री के गेट के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने सुरक्षा उपकरणों में अनदेखी का आरोप लगाते हुए न्याय और उचित मुआवजा की मांग की है।मृतक की पहचान संतोष वर्मा निवासी मोहदा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार संतोष लंबे समय से प्लांट में श्रमिक के रूप में कार्यरत था। सोमवार दोपहर ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। प्रबंधन द्वारा उसे आनन-फानन में रायपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल पाएगा, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर सिलतरा-सांकरा औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों की पोल खोल दी है।

बैठक में डीआईजी ने निकाय चुनाव को देखते हुए कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 3 नवम्बर। दुर्ग जिले में तीन नगर निगम और एक नगर पालिका के आगामी चुनाव की तैयारियों, जिले में कानून. व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ करने और लंबित मामलों के त्वरित निराकरण को लेकर दुर्ग पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर -6, भिलाई में एक समीक्षा क्राइम मीटिंग आयोजित की गई।

इस बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्पष्ट और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। दुर्ग जिले के भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा नगर निगम सहित जामुल नगर पालिका का चुनाव होना है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने इन चार निकायों में होने वाले चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले के संवेदनशील और कानून व्यवस्था और लंबित मामलों के निराकरण का दिया निर्देश अति. संवेदनशील मतदान केंद्रों की सूची जल्द से जल्द संकलित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और बॉन्ड ओवर की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए बैठक में लंबित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई अग्रवाल ने 60, 90 और 140 दिनों से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के भीतर निराकृत करने पर



जोर दिया एनसीआरपी पोर्टल और साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज लंबित शिकायतों पर तत्काल एक्शन लेने तथा धोखाधड़ी की राशि होल्ड कराने के निर्देश दिए गए। महिला संबंधी शिकायतों पर बिना किसी देरी के संवेदनशीलता और तथ्यों के आधार पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने को कहा गया संगठित अपराध रोकने बरतें सख्ती दुर्ग डीआईजी ने अवैध जुआ-सट्टा, चोरी, गृहभेदन और धोखाधड़ी जैसे संगठित अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए पटाखा फैक्ट्रियों एवं विक्रेताओं के यहां नियमित सुरक्षा मानकों की जांच करने और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई के आदेश जारी किए गए। जिले में रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को अधिक मजबूत करने, मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने और लंबित वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित करने पर बल दिया गया साथ ही अदालती कार्यवाहियों के लिए न्याय रुति ऐप के प्रभावी उपयोग और कैदियों की सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

समाचार संक्षेप

दीपावली के लिए माता लक्ष्मी की मूर्ति को मूर्तिकार अंतिम रूप दे रहे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 3 नवम्बर। नगर में मूर्तिकारों द्वारा माँ लक्ष्मी जी के मूर्ती को मूर्त रूप देने में लगे हुए है। अंचल के अनेक गांवों में लक्ष्मी जी के मूर्ति अनेक मंडली समिति दुवारा विराजित की जाती है ।अंचल के गाँव खोपली के समिति के सदस्य विनय यादव ने बताया कि उनकी समिति विगत 20 वर्षों से धनतेरस के दिन माँ लक्ष्मी जी की मूर्ति विराजित कर रही है और समिति के सभी सदस्यों और ग्रामवासियों दुवारा गौरा गौरी सहित माँ लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना कर खीर पूड़ी की भंडारे करा कर बड़ी धूमधाम से दीपावली का पर्व मानते है।

एक नजर

बैंक खाते से पैसा निकालने के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

भिलाई, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रार्थी सरताज अंसारी निवासी कातुलबोर्ड ने चौकी स्मृतिनगर में ऑनलाइन धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी के अनुसार 30 अक्टूबर की रात 10 बजे से 11.09 बजे के मध्य आरोपी राजेन्द्र पटेल उर्फ राहुल एवं नितेश राजपूत उर्फ चिंटू ने उसे घर छोड़ने का बहाना बनाकर उसका मोबाइल फोन प्राप्त किया इस दौरान आरोपियों ने छलपूर्वक फोन-पे का पासवर्ड हासिल कर प्रार्थी के बैंक खाते से 45,000 रुपये अपने परिचित के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी स्मृतिनगर में धारा 318(4), 3(5) अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए चौकी स्मृतिनगर चौकी पुलिस द्वारा आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम गठित की गई पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि नितेश राजपूत उर्फ चिंटू ने लोगों से लगभग 50,000 रुपये उधार लिए थे दीपावली के अवसर पर कर्ज देने वालों द्वारा रकम वापस मांगे जाने तथा स्वयं के पास रुपये नहीं होने के कारण दोनों ने मिलकर ऑनलाइन धोखाधड़ी की योजना बनाई योजना के अनुसार दोनों आरोपी एक्टिवा वाहन से बटालियन भट्ठी पहुंचे और प्रार्थी को घर छोड़ने के बहाने उसका मोबाइल फोन प्राप्त कर लिया इस के बाद फोन-पे का पासवर्ड हासिल कर प्रार्थी के खाते से 45,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए पुलिस ने आरोपियों से ठगी की रकम तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन एवं एक्टिवा वाहन बरामद किया।

बाइक सवार महिलाओं के पर्स छीनकर फरार हो गए

भिलाई, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में बाइक सवार अज्ञात झपटमारों ने दो अलग-अलग घटनाओं में चलती स्कूटी से महिलाओं के पर्स झपटकर फरार हो गए पहली घटना सुबह करीब 10 बजे की है सेक्टर-5 भिलाई निवासी प्रतिभा मुखर्जी (42 वर्ष) अपने ईवी स्कूटर से रायपुर स्थित ड्यूटी पर जा रही थी वह खुर्सीपार चौक के पास तुलसी ट्रेडर्स के सामने पहुंची थी तभी पीछे से आए बाइक सवार अज्ञात युवक ने उनके स्कूटर के सामने लटक रहे पर्स को झपट लिया और तेज रफ्तार से फरार हो गया। पीड़िता के मुताबिक पर्स में दो मोबाइल फोन, तीन सोने की चूड़ियां, एक जोड़ी चांदी की बिछिया, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड और 10 हजार रुपये नकद रखे थे। वहीं दूसरी घटना 30 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.40 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर डबरापारा खुर्सीपार ब्रिज के ऊपर हुई। ग्राम नंदौरी निवासी 30 वर्षीय विंध्या वर्मा अपनी स्कूटी एक्सेस से दुर्ग जिला अस्पताल जा रही थी इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार ने उनका पर्स झपटकर यू-टर्न लेते हुए भिलाई-3 की ओर भाग गया पर्स में ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, भाई के नाम की स्कूटी की आरसी बुक, पांच हजार रुपये नकद और मां के इलाज से संबंधित जिला अस्पताल का पर्चा रखा था

निधन

सौरभ सिंह



भिलाई, 3 नवम्बर बस स्टैंड डूमरडीह उतई निवासी 24 वर्षीय सौरभ सिंह का आकस्मिक निधन सोमवार शाम को हो गया।वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।अंतिम संस्कार उतई मुक्तिधाम में कल सुबह 11 बजे किया जाएगा।वे नई दुनिया पत्रकार नवल किशोर सिंह के सुपुत्र थे।

नगरीय निकाय चुनाव:दिवाली-छठ के बाद चढ़ेगा पारा

टिकट के लिए शक्ति प्रदर्शन में जुटे दावेदार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 3 नवंबर। नगरीय निकाय चुनाव की औपचारिक हलचल भले ही अभी शुरुआती दौर में हो, लेकिन भिलाई-दुर्ग के राजनीतिक गलियारों में चुनावी पारा चढ़ने लगा है। भिलाई नगर निगम, रिसाली नगर निगम, भिलाई-चरोदा नगर निगम और जामुल नगर पालिका परिषद में चुनावी तैयारियों के साथ ही राजनीतिक दलों के भीतर टिकट को लेकर गुणा-भाग शुरू हो गया है। एक तरफ प्रशासन मतदाता सूची से लेकर मतदान और मतगणना की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा है, तो दूसरी तरफ संभावित उम्मीदवारों ने अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए सक्रियता बढ़ा दी है। चुनाव की तारीखों का इंतजार अपनी जगह है, लेकिन टिकट के दावेदारों के बीच अभी से राजनीतिक दौड़ शुरू हो चुकी है।

प्रशासनिक मोर्चे पर तैयारी, सूची पर डीएम की नजर

चुनाव की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मतदाता सूची है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए परिशिष्ट-15 के माध्यम से प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण तथा प्रपत्र-6 एवं प्रपत्र-क भराए जाने की प्रगति का जायजा लिया है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नाम, पता और अन्य विवरणों की त्रुटियों को नियमानुसार दूर कर समय-सीमा में शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जाए। इधर भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी आयुक्त सुरुचि सिंह ने चुनाव सामग्री के वितरण एवं वापसी के लिए निर्धारित स्थलों का निरीक्षण किया है। स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल और पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासनिक स्तर पर इन तैयारियों को समय रहते पूरा करने की कवायद इस बात का संकेत है कि निर्वाचन व्यवस्था को लेकर विभाग पहले से ही सक्रिय हो गया है।

टिकट की कतार लंबी, दावेदारों की नेताओं के दरबार में हाजिरी

राजनीतिक दलों के भीतर सबसे ज्यादा हलचल टिकट के दावेदारों को लेकर है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में संभावित उम्मीदवार अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट गए हैं। कोई संगठन में अपनी सक्रियता गिना रहा है तो कोई सामाजिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क के जरिए अपनी स्वीकार्यता का संदेश देने में लगा है। बायोडाटा जमा करने और वरिष्ठ नेताओं तक अपनी बात पहुंचाने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। दिलचस्प बात यह है कि चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी करने वाले कुछ संभावित उम्मीदवारों ने अभी से वाल पेंटिंग और पोस्टरों के जरिए अपनी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। जीई रोड ओवरब्रिज के नीचे डिवाइडर पर भाजपा और कांग्रेस से जुड़े प्रचार भी नजर आने लगे हैं। यानी टिकट मिलने से पहले ही दावेदार अपने-अपने स्तर पर चुनावी माहौल बनाने में जुट गए हैं।

टिकट के दावेदारों में ऐसे कार्यकर्ता भी हैं, जिन्हें पिछले चुनाव में मौका नहीं मिल पाया था। इस बार वे नए उत्साह और नई उम्मीद के साथ पार्टी नेतृत्व के सामने अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। किसी को वर्षों की संगठनात्मक सक्रियता पर भरोसा है तो किसी को वार्ड में अपनी व्यक्तिगत पकड़ पर। हालांकि टिकट वितरण के समय पार्टी के सामने संगठनात्मक निष्ठा, स्थानीय समीकरण, सामाजिक प्रतिनिधित्व, जीतने की क्षमता और कार्यकर्ताओं की स्वीकार्यता जैसे कई पहलुओं के बीच संतुलन बनाने की चुनौती रहेगी। यहीं से दोनों प्रमुख दलों के लिए असली राजनीतिक परीक्षा शुरू होगी।

टिकट की दौड़ में आगे निकलने की कोशिश के साथ यह भी देखना होगा कि उम्मीदवारों के चयन के बाद संगठन में एकजुटता बनी रहती है या असंतोष सामने आता है।

वार्डों का गणित तय करेगा चुनावी रणनीति

नगर निगम चुनाव केवल पार्टी के बड़े चेहरों के भरोसे नहीं जीते जाते। वार्ड स्तर पर स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार की व्यक्तिगत छवि, जनसंपर्क, पुराने कामकाज और नागरिकों से जुड़ाव भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सड़क, नाली, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट, आवास और बुनियादी सुविधाएं ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर पार्षद प्रत्याशियों को जनता के सवालों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए राजनीतिक दलों के सामने चुनौती केवल टिकट बांटने की नहीं, बल्कि ऐसे उम्मीदवार चुनने की भी होगी जो अपने वार्ड की समस्याओं और मतदाताओं की अपेक्षाओं को समझते हों। बड़े नेताओं की लोकप्रियता के साथ स्थानीय प्रत्याशी की स्वीकार्यता भी चुनावी समीकरण का महत्वपूर्ण हिस्सा रहेगी।

दिवाली-छठ के बाद खुलेगा 7 चुनावी मोर्चा

फिलहाल दिवाली और छठ पर्व के कारण राजनीतिक गतिविधियों की रफ्तार सीमित दिखाई दे रही है। लेकिन पर्व समाप्त होते ही जनसंपर्क, बैठकों, संगठनात्मक रणनीति और टिकट की दावेदारी में तेजी आने की संभावना है। संभावित उम्मीदवार अपने वार्डों में सक्रियता बढ़ाएंगे और राजनीतिक दल भी चुनावी तैयारियों को अधिक व्यवस्थित रूप देने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुल मिलाकर, भिलाई, रिसाली, चरोदा और जामुल में चुनावी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। प्रशासन मतदाता सूची और निर्वाचन व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा है, जबकि राजनीतिक दलों के भीतर टिकट को लेकर हलचल तेज हो रही है। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि किसे पार्टी का टिकट मिलेगा, कौन दावेदारी से पीछे हटेगा और टिकट कटने की स्थिति में कौन बगावती तेवर अपनाएगा? चुनावी तस्वीर अभी पूरी तरह साफ नहीं है, लेकिन इतना तय है कि आने वाले दिनों में स्थानीय राजनीति में बयानबाजी, शक्ति प्रदर्शन और सियासी जोड़-तोड़ का दौर और दिलचस्प होने वाला है।

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा मामले में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 3 नवम्बर। पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया कार्रवाई में 4.93 लाख नगद सहित बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं बैंकिंग दस्तावेज जब्त किए गए हैं प्रकरण में मुख्य आरोपी एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है पुलिस ने बताया कि स्मृतिनगर चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रूंगटा कॉलेज के पीछे जी-9 टावर के पास राजा गार्डन स्थित देवेंद्र कुमार साहू के मकान में कुछ व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा गया मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया पूछताछ एवं मौके पर की गई कार्रवाई के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालन में उपयोग किए जा रहे लैपटॉप, मोबाइल फोन बैंकिंग दस्तावेज एवं नगदी रकम बरामद की गई। आरोपियों से प्राप्त जानकारी एवं जब्त सामग्री के आधार पर गिरोह के मुख्य संचालक देवेंद्र कुमार साहू तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विवेचना की जा रही है प्रकरण में गिरफ्तार दोनों आरोपियों प्रकाश हरिनखेड़े (23 साल) निवासी अर्जुन नगर, थाना वैशाली नगर, डिकेश प्रसाद तिवारी (22 साल) निवासी अर्जुन नगर के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2), 317(4), 61 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है।

अफसरों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर सरपंच गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 3 नवम्बर। दुर्ग जिले में कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी वाला व्हाट्सएप स्टेटस लगाने के मामले में पुलिस ने समोदा के सरपंच अरुण गौतम को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसडीएम कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईटी एक्ट की धारा 67 समेत अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था सरपंच ने सफाई में कहा था कि उनके 8 साल के बेटे ने गलती से स्टेटस लगाया था, जिसे जानकारी मिलते ही हटा दिया गया पुलिस के मुताबिक, सरपंच के खिलाफ पहले भी बांड भरवाने की कार्रवाई हो चुकी है अब बांड जब्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा गया है व्हाट्सएप स्टेटस पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के समोदा गांव का है पुलिस के अनुसार, गांव के जितेंद्र देशमुख ने शिकायत की थी कि सरपंच अरुण गौतम ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा लिखी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच की और आईटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया एसडीएम कार्यालय ने भी भेजा था ज्ञापन इस मामले में दुर्ग ग्रामीण एसडीएम कार्यालय की ओर से भी पुलिस को ज्ञापन भेजा गया था जारी ज्ञापन में व्हाट्सएप स्टेटस की जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहा गया था।

28 अक्टूबर को ज्ञापन मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी विवाद सामने आने के बाद सरपंच अरुण गौतम ने कहा था कि उनके 8 साल के बेटे ने गलती से एक मैसेज व्हाट्सएप स्टेटस पर लगा दिया था जानकारी मिलते ही उन्होंने उसे हटा दिया था सरपंच ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताते हुए विरोधियों पर आरोप लगाए थे पहले भी भरवाया गया था बांड पुलिस के मुताबिक, अरुण गौतम के खिलाफ पहले भी बांड भरवाने की कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की बात सामने आने पर बांड जब्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। मौजूदा मामले में गिरफ्तारी के बाद उसे एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

शराब का अवैध परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अंडा थाने पुलिस ने अवैध रूप से देशी शराब का परिवहन कर बिक्री के लिए ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है अंडा टीआई शिव चंद्रा ने बताया कि नियमित टाउन पेट्रोलिंग कर रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अंडा स्थित शीतला तालाब धराशा रोड पर एक व्यक्ति पैदल शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा है सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों और स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सुपर 36 ब्रांड की 28 पाव देशी शराब, कुल 5.040 बल्क लीटर, जिसकी कीमत 2,240 रुपये बताई गई है, बरामद कर जब्त की है पूछताछ में उसकी पहचान प्रमोद निर्मलकर (42 साल), निवासी शांति नगर, ग्राम अंडा के रूप में हुई तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सुपर 36 ब्रांड की 28 पाव देशी शराब बरामद हुई।



सूदखोर महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 3 नवम्बर। सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वैशाली नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि रकम जरुरतमंदो से अधिक ब्याज लेने की शिकायत पर पुलिस ने सड़क-14 वैशाली नगर निवासी सीमा यादव को पकड़ा गया महिला ने पीड़िता से 50,000 रुपये के बदले 29 सप्ताह में 72,500 रुपये, उसकी सहेली से 1,00,000 रुपये के बदले 28 सप्ताह में 1,40,000 रुपये ब्याज वसूलने की शिकायत मिली। रकम नहीं देने पर पीड़िता एवं उसके परिवार को जान से मारने, बेटी की हत्या करने और घर से बेघर करने की धमकी देकर प्रताड़ित करती थी इस तरह के मामले में वैशाली नगर थाने पुलिस ने पूर्व में तीन को गिरफ्तार किया था तीनों को आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है जांच में कुल 3.79 लाख रुपये नगदी, ब्लैंक चेक, कोरे स्टाम्प पेपर, हिसाब-किताब की डायरियां बरामद हुई है वैशाली नगर पुलिस ने अवैध रूप से ब्याज पर रकम देकर मनमाना ब्याज वसूलने और ब्लैंक चेक, कोरे स्टाम्प पेपर के माध्यम से लोगों को धमका कर प्रताड़ित करने के मामले में सीमा यादव फरार थी जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 296, 308(5), 3(5) भारतीय न्याय संहिता, धारा 4 कर्ज एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। जिसकी शिकायत ईडब्ल्यूएस-541, वैशाली नगर निवासी पूनम मनोज कुमार ने पुलिस में किया था। वर्ष 2023 से पीड़िता की सीमा यादव, बबली साहू से पहचान थी। आर्थिक परेशानी के कारण पीड़िता ने दिसंबर 2024 को सीमा यादव से 50,000 रुपये उधार लिया था। महिला ने 40 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज वसूलना शुरु किया। सुरक्षा के नाम पर इंडियन बैंक के 8 ब्लैंक चेक, कोरे स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर भी कराया गया कई दस्तावेज भी मिले मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली नगर पुलिस अभियान चलाया। विवेचना के दौरान आरोपियों के पास से स्थानों से नगदी रकम, ब्लैंक चेक, कोरे स्टाम्प पेपर, ब्याज से जुड़ा हिसाब किताब की डयरी भी मिली। आरोपी बबली साहू उर्फ बबली निरंजन के पास से 99,900 रुपये नगद, कोरे स्टाम्प पेपर, बैंकों के ब्लैंक चेक, हिसाब-किताब की डायरी जब्त की गई आरोपी सीमा यादव के मकान की तलाशी में 2.80 लाख रुपये नगद मिला था।

कबड्डी प्रतियोगिता का बीजाभाठा में शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन, 3 नवम्बर। दक्षिण पाटन के ग्राम पंचायत बीजाभाठा में नव युवाओं के अगुवाई में ग्राम वाशियो के सहयोग से कबड्डी का कार्यक्रम रखा गया उदघाटन समारोह में रवि सिन्हा जनपद सभापति पाटन, कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा,पुरेंद्र सिन्हा महामंत्री भाजपा, राजेश बछोर प्राधिकृत अध्यक्ष, निर्मला रेखराम साहू सरपंच,लुभन बंछोर,भाजयुमो अध्यक्ष,रामनाथ साहू पूर्व सरपंच,बलराम साहू उपसरपंच,रेखराम साहू,कृष्ण कुमार वर्मा, डीआर साहू,हर्ष साहू, दीपक साहू ,नारद साहू, भरत निर्मलकर, साकेत साहू, नरेश सिन्हा,खेमू साहू,लोमश बंजारे, नेहठाकुर,संतोष यदु,अनिल ठाकुर,राजकुमार बघेल,प्रकाश रात्रे, निमेष साहू ,युवराज साहू, कोमलसिंह निर्मलकर, संरक्षक लक्ष्मीनारायण ठाकुर अध्यक्ष,हितेश ठाकुर, हिमांशु साहू हरीश यदु, तामेश्वर ,मुकेश, तामेश गुलशन, अभिषेक ,व टीम के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भिलाई विद्यालय में 50वीं स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का शुभारम्भ

भिलाई, 3 नवंबर। स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का शुभारंभ 2 नवंबर को भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में छह विद्यालयों के लगभग 192 विद्यार्थी 12 दलों के रूप में हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (शिक्षा) एवं जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट/गाइड) शिखा दुबे ने ध्वजारोहण कर रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त (गाइड) एवं प्राचार्य सुमिता सरकार, जिला आयुक्त (स्काउट) एवं प्राचार्य विजय सिंह पवार, जिला सचिव सरिता शाक्या, कोषाध्यक्ष उर्वशी साहू तथा उप प्रबंधक (शिक्षा) वी.आर. कटियार सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रमुख उपस्थित रहे। रैली का समन्वय कीर्तिलता देशमुख एवं सत्यनारायण साहू कर रहे हैं।



सतर्कता जागरूकता सप्ताह में महापात्र ने नैतिक कार्यसंस्कृति अपनाने पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 3 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह 2 नवंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। निदेशक प्रभारी ने कहा कि सत्यनिष्ठा किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और दीर्घकालिक सफलता का आधार है। आर्थिक प्रगति के साथ पारदर्शिता, जवाबदेही, नैतिकता और आपसी विश्वास भी संस्थागत विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दैनिक कार्यों में ईमानदारी, निष्पक्षता और नियमों का पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक संदीप गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर

शेमारूमी के 'एक कन्या कुँवारी' में शिवानी के लिए सही रिश्ता तलाशेंगी सीमा तपारिया

रायपुर 3 नवंबर। शेमारूमी अपनी नई हिंदी ओरिजिनल सीरीज 'एक कन्या कुँवारी' के जरिए अरेंज्ड मैरिज की दिलचस्प दुनिया को दर्शकों के सामने पेश कर रहा है। इस गुजराती ड्रामेडी सीरीज में मशहूर रिश्ता विशेषज्ञ सीमा तपारिया भी जुड़ेंगी। वे सीरीज की मुख्य किरदार शिवानी दवे के लिए एक उपयुक्त जीवनसाथी तलाशने में अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करेंगी। सीरीज में शिवानी की कहानी के माध्यम से पारंपरिक विवाह प्रक्रिया, परिवार की अपेक्षाओं, पसंद-नापसंद और सही जीवनसाथी चुनने के दौरान आने वाली उलझनों को मनोरंजक अंदाज में दिखाया गया है। सीमा तपारिया अपनी खास पहचान और रिश्ते तय कराने के अनुभव के साथ शिवानी के लिए संभावित रिश्तों को परखेंगी। वे उम्मीदवारों की शख्सियत, पारिवारिक पृष्ठभूमि और आपसी तालमेल जैसे पहलुओं पर ध्यान देंगी। वर्ष 2005 से पेशेवर रूप से रिश्ता तय कराने के क्षेत्र में सक्रिय सीमा तपारिया का कहना है कि सफल रिश्ता केवल बायोडाटा के मिलान से नहीं बनता, बल्कि व्यक्ति, उसके परिवार, संस्कारों और अपेक्षाओं को समझना भी जरूरी है। उन्होंने इस साझेदारी को दिलचस्प बताते हुए कहा कि शो में सही जीवनसाथी की तलाश से जुड़ी मस्ती, भावनाओं और उलझनों को सहजता से प्रस्तुत किया गया है।

सफाई निरीक्षण के दौरान त्यौहार में शहर की समुचित सफाई करने आयुक्त ने दिये निर्देश

राजनांदगांव 3 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम सुबह सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य कर्मचारियों से निर्धारित समय तक सम्पूर्ण क्षेत्र में साफसफाई करने के निर्देश दियें। उन्होंने साफ सफाई रखने, सफाई में सहयोग करने नागरिकों से भी अपील की है। आयुक्त श्री मरकाम सफाई निरीक्षण में शहर के भीतरी एवं बाहरी क्षेत्रों में सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से रूबरू हो निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक साफ सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रों में साफसफाई रखे। वर्तमान में त्यौहार के पूर्व सभी घरों में साफ सफाई की जा रही है, जिससे बहुतायत कचरा निकल रहा है, कचरा निर्धारित स्थल एवं कचरा गाडी में डालने लोगों को समझाईस देवे, कचरा नाली में न डालने के साथ साथ व्यवसाईयों को भी समझाईस देवे कि वे दुकान के बाहर कचरा न डाले, दुकान बंद करने के पश्चात सड़क में कचरा न डाले उसे एक जगह एकत्रित कर सुबह कचरा गाडी में डाले। उन्होने स्वच्छता एवं सुगम यातायात की दृष्टिकोण से जय स्तम्भ चैक में पसरा वालो को भी फ्लाई ओव्हर के नीचे पसरा लगाने समझाईस दिए। आयुक्त श्री मरकाम ने स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड चपरासी से कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेंगे। बिना कारण किसी भी कर्मचारी को छुट्टी न देवे, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेंगे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। मुक्कडों में कचरा रखा न रहे, नाली व नालो की नियमित सफाई करे, चैराहों एवं सड़कों में गंदगी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे, सफाई में लापरवाही न हो इसका भी ध्यान रखे, लोगों को भी साफ सफाई के प्रति जागरूक करे।

दीपावली से पहले छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बड़ा उपहार

रायपुर, 3 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उनकी आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने की दिशा में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की माताओं-बहनों को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। आगामी दीपावली के पावन पर्व से ठीक पहले योजना की नवंबर माह की 33वीं किस्त का अंतरण कल यानी 3 नवंबर 2026 को राज्योत्सव समारोह के दौरान किया जाएगा। राज्योत्सव समारोह के मुख्य मंच से भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान प्रदेश की 67 लाख 40 हजार 410 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से कुल 632 करोड़ 63 लाख 67 हजार 750 रुपये की राशि सीधे अंतरित की जाएगी।

गुरु रविदास सम्मान को लेकर रविदास समाज में आक्रोश

18 लाख की आबादी वाले समाज ने उठाए सरकार की मंशा पर सवाल

रायपुर 3 नवंबर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्योत्सव 2026 के अवसर पर पहली बार घोषित किए गए संत शिरोमणि गुरु रविदास सम्मान को लेकर रविदास समाज में भारी नाराजगी देखी जा रही है। समाज के लोगों ने पुरस्कार के चयन को लेकर सवाल उठाते हुए इसे छत्तीसगढ़ के लगभग 18 लाख की आबादी वाले रविदास समाज की भावनाओं की अनदेखी बताया है।

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी केवल एक महापुरुष नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, भाईचारे, मानवीय गरिमा और सामाजिक न्याय के महान प्रतीक हैं। उनके नाम पर राज्य स्तरीय सम्मान



शुरू किए जाने की घोषणा से रविदास समाज में उम्मीद जगी थी कि समाज के प्रतिभाशाली, कर्मठ और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने वाले लोगों को उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान मिलेगा।

लेकिन घोषित पुरस्कार सूची में बालोद जिले के जगदीश प्रसाद देशमुख का नाम सामने आने के बाद समाज में चयन प्रक्रिया को लेकर असंतोष उत्पन्न हुआ है। समाज के लोगों का आरोप है कि गुरु रविदास जी के नाम से स्थापित सम्मान में रविदास समाज की भावनाओं, सहभागिता और प्रतिनिधित्व को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया।

18 लाख की आबादी वाले समाज की भावनाओं की अनदेखी क्यों?

समाज का सवाल है कि जब छत्तीसगढ़ में रविदास समाज की इतनी बड़ी आबादी है, तो गुरु रविदास जी के नाम पर स्थापित सम्मान के चयन में समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा क्यों नहीं की गई? चयन के लिए क्या मापदंड निर्धारित किए गए थे? चयन समिति में समाज के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था या नहीं? सरकार को इन सवालों का सार्वजनिक रूप से जवाब देना चाहिए।

समरसता की बात और समाज की नाराजगी!

रविदास समाज के लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार सामाजिक समरसता, समानता और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर गुरु रविदास जी के नाम पर दिए जाने वाले सम्मान को लेकर समाज के भीतर असंतोष पैदा होना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

समाज ने कहा कि केवल महापुरुषों के नाम पर पुरस्कार शुरू कर देना पर्याप्त नहीं है। उनके विचारों, आदर्शों और उस समाज की भावनाओं का भी सम्मान होना चाहिए, जिनके संघर्ष और सामाजिक चेतना से उन महापुरुषों की विचारधारा आज भी जीवित है।

समाज ने सरकार से मांगा जवाब

रविदास समाज की मांग है कि सरकार संत रविदास सम्मान की चयन प्रक्रिया और निर्धारित मापदंडों को सार्वजनिक करे। साथ ही समाज की आपत्तियों और भावनाओं को गंभीरता से लेते हुए इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण दे।

समाज के लोगों का कहना है कि सरकार को समरसता का संदेश देने से पहले अपने निर्णयों में समानता, पारदर्शिता और सभी समाजों के सम्मान को सुनिश्चित करना चाहिए। समाज की नाराजगी के बीच अब सवाल यह है कि क्या छत्तीसगढ़ सरकार रविदास समाज की भावनाओं को समझते हुए इस मामले में कोई सकारात्मक पहल करेगी या फिर 18 लाख की आबादी वाले समाज की आवाज को अनसुना कर दिया जाएगा?

2047 के विकसित भारत की बागडोर युवाओं के हाथों में: केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया

जगदलपुर में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित, युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान

रायपुर, 3 नवंबर। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में आज की युवा पीढ़ी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जब देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, तब एक मजबूत और विकसित भारत की बागडोर इसी अमृत पीढ़ी के हाथों में होगी। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और देश के सर्वांगीण विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया सोमवार को जगदलपुर के कुम्हरावण्ड स्थित शासकीय कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित श्युवा संवादश् कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने युवाओं से सीधे संवाद कर लोकतंत्र, रोजगार, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में उनकी प्राथमिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।



माय भारत प्लेटफॉर्म युवाओं के लिए अवसरों का द्वाररू डॉ. मांडविया

डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया माय भारत (डल ठींतंज) डिजिटल प्लेटफॉर्म आज के युवाओं को नवाचार, मार्गदर्शन, स्वयंसेवा और करियर के नए अवसर उपलब्ध कराने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से पूरे देश में एक लाख युवा नेतृत्वकर्ता तैयार करने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है, जो आगे चलकर नीति-निर्माण और जनसेवा में अपनी प्रभावी भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने युवाओं से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण- विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की हर मानसिकता से मुक्ति, अपनी महान विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता तथा अपने नागरिक कर्तव्यों का निष्ठा से पालन को अपने जीवन में पूरी तरह अपनाने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने बल दिया कि युवा चाहे शिक्षा, प्रशासन, उद्यमिता या किसी भी अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ें, उनके लिए हमेशा राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए।

लोकतंत्र की मजबूती और बस्तर के पर्यटन पर चर्चा

संवाद सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री ने छात्र प्रांजल से विशेष रूप से मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाने के लिए पारदर्शी, त्रुटिरहित मतदाता सूची और निष्पक्ष मतदान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि युवाओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से देश के शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह के 'युवा संवाद' कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर बस्तर की प्रशंसा करते हुए डॉ. मांडविया ने यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात का विशेष उल्लेख किया तथा क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर के युवा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं को राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप और जगदलपुर विधायक श्री किरण देव सिंह ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा और विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एनएसएम स्कूल में बच्चों ने सजाई आकर्षक रंगोली

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अंबागढ़ चौकी , 3 नवंबर। भारतीय संस्कृति और दीपों के पर्व दीपोत्सव के स्वागत में एनएसएम पब्लिक स्कूल के नन्हें बच्चों ने अपनी कोमल उंगलियों के सहारे आकर्षक रंगोली उकेर कर सभी का दिल जीत लिया । पूजा की थाली को बच्चों ने रोली ,चंदन और दीपों से सजाकर अपने अंदर पनप रहे संस्कारों का बेहतर उदाहरण पेश किया । शाला में अध्यापन कार्य में जुटे शिक्षक -शिक्षिकाओं ने बच्चों को गुरुवत मार्गदर्शन प्रदान कर प्रतिभा को निखारने में योगदान दिया । दीपावली के पावन पर्व पर अपनी संस्कृति से जुड़ाव रखते हुए एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी के बच्चों ने आज शाला परिसर में रंग - बिरंगे विचारों को रंगोली में सजाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । किसी ने दीपों की जगमग रोशनी को जीवंत कर दिखाया तो किसी ने पूरी प्रकृति को ही धरातल पर लाकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया। पूजा की



थाली को परम्परागत तरीके से सजाते हुए उसमें प्रज्वलित दीप के साथ ही पूजा सामग्री को बड़े ही आकर्षक रूप में स्थान प्रदान किया गया । नन्हें हाथों से फिसलती रंगोली ने जब अपना मूल स्वरूप प्रकट किया , तो उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया । हैप्पी दिवाली से लेकर विज्ञान के विकास को भी रॉकेट के माध्यम से रंगोली में आकार दिया गया । शाला की शिक्षिका श्रीमती आँचल योगी , श्रीमती माहेश्वरी बाघमारे , सुश्री आशनी दामले , सुश्री रचना साहू , सुश्री देविका जानेंद्र , श्रीमती दिव्या साहू , श्रीमती नजमा बेग के साथ जावेद अहमद , शिक्षक लक्ष्मी झा , झावेद निषाद , आबिद अहमद ने बच्चों का मार्गदर्शन किया । सभी ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं ।

शिल्पग्राम में रेशम उत्पादन की प्रक्रिया जानने उमड़ रहे लोग

रायपुर, 3 नवंबर। राज्योत्सव परिसर स्थित शिल्पग्राम में ग्रामोद्योग विकास विभाग के स्टॉल पर रेशम कीटपालन की प्रक्रिया समझने बड़ी संख्या में किसान एवं आम नागरिक पहुंच रहे हैं। प्राकृतिक रेशम कीड़ों को देखने के लिए भी लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है। स्टॉल में रेशम के विभिन्न प्रकारों और उनसे तैयार होने वाले धागों को प्रदर्शित किया गया है। इनमें मलबरी सफेद कोया, मलबरी रंगीन कोया, मलबरी पीला मैसूर, मलबरी सफेद रिल्ड, टसर स्पन धागा, टसर बाना धागा, डाबा पालित कोसा और रैली साबू बीज प्रमुख हैं। इन धागों का उपयोग कोसा सिल्क, मलबरी सिल्क के साथ-साथ बनारसी एवं कांजीवरम जैसी पारंपरिक साड़ियों के निर्माण में किया जाता है। लोग रेशम के प्रकारों, उसके उत्पादन और वस्त्र निर्माण की प्रक्रिया को करीब से जान-समझ रहे हैं।

पर्यावरण हितैषी पहलः सुंदर नगर गौठान में गोबर से बने दीये तैयार



रायपुर 3 नवंबर। रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 अंतर्गत सुन्दर नगर डंगनिया गौठान में जय लक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने दीपावली पर्व में उपयोग हेतु गोबर से निर्मित दिए बड़ी संख्या में तैयार किये है, जो नगर निगम जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत सुन्दर नगर डंगनिया गौठान में 2 रूपए प्रति नग दिए की निर्धारित दर पर नागरिकों को विक्रय करने के लिये उपलब्ध हैं। इच्छुक नागरिक दीपावली पर्व में अपने घर, दुकान को दिए के प्रकाश से रौशन करने रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 क्षेत्र के अंतर्गत सुन्दर नगर डंगनिया गौठान में गोबर से निर्मित दियों को निर्धारित दर 2 रूपये प्रति नग की दर पर विक्रय करने हेतु जय लक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह की पदाधिकारी महिलाओं से मोबाइल नम्बर 9165972138, 9303747212 पर संपर्क कर सकते हैं।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 'नशामुक्त युवा' थीम पर ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद का सफल आयोजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 3 नवंबर। माय भारत राजनंदगांव द्वारा शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन अत्यंत गरिमामय और सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय (थीम) 'नशा मुक्त युवा' रहा, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती किरण साहू, उपाध्यक्ष - जिला पंचायत राजनंदगांव उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को नशा मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं, इसलिए उनका सही दिशा में अग्रसर होना समाज और देश के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

तकनीकी एवं जागरूकता सत्रों के दौरान विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिनमें युवाओं में नशे की जागरूकता, नशे के दुष्प्रभाव, नशे की सामाजिक एवं मानसिक कुरीतियां तथा इन सभी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर एक स्वस्थ जीवनशैली कैसे अपनाएं, जैसे विषयों को प्रमुखता से शामिल किया गया। कार्यक्रम में मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में एमडी मेडिसिन डॉ. प्रकाश खूंटे उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं में बढ़ती ड्रग्स एवं नशे की लत पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसके गंभीर शारीरिक, मानसिक व सामाजिक परिणामों की वैज्ञानिक जानकारी दी। इनके साथ ही संसाधन व्यक्ति के रूप में श्री राहुल बलदेव मिश्रा एवं डॉ. डाकेश्वर वर्मा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने युवाओं को नशे के जाल से दूर रहने के व्यावहारिक उपाय बताए।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित युवाओं द्वारा 'नशा मुक्ति' का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंच पर शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जांभुलकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही माय राजनंदगांव के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन एमवाई भारत राजनंदगांव की स्वयंसेवक श्रीमती रेवती वर्मा एवं श्री कौशल वर्मा द्वारा बहुत ही सुचारू, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

सतनामी समाज का छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर युवाओं को विशेष बधाई संदेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा 3 नवंबर। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एक नाम एक आवाज एक समाज एकीकरण की मुहिम को लेकर पूरे प्रदेश के युवाओं को एक करने की मुहिम के तहत यह संगठन सतनामी समाज के द्वारा 2018 वर्ष से निर्माण कर युवाओं को जोड़कर अनेकों प्रकार का आयोजन कर समाज में एक आयाम स्थापित किया गया साथ ही सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार को लेकर युवाओं को जागरूक कर समाज के बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराना चुनौती रहा है साथ ही युवा पीढ़ी जो समाज के मुख्य धारा से अलग रहते थे उनको जोड़कर बाबा जी के बताए सिद्धान्तों पर चलने का प्रयास कर नए अवसर देकर उनको साथ लेकर एक नया दशा दिशा निर्देश देके समाज सेवा का मौका पाकर आज काफ़ी उत्साहित रहते हैं ऐसे में समाज जागरूकता की ओर बढ़ रहे हैं एकता का मिशाल बन दूसरे समाज के लोगो की मदद कर रहे हैं ऐसे ही हमारे परम पूज्य



घासीदास जी के दिए संदेश मानव-मानव एक समान का संदेशो को जन-जन तक पहुँचा रहा है आज युवा कड़ी मेहनत और संघर्ष कर समाज विकास को लेके कार्य कर रहे है सबसे बड़ी ताकत की दूसरो की सहायता के लिए हमेशा अग्रसर होकर युवा पीढ़ी आगे बढ़कर करते रहे आज स्थापना दिवस के मौके पर उन तमाम युवाओं को दिल से साधुवाद करता हूँ जिन्होंने तन,मन,धन देकर आज संगठन को शून्य से शिखर तक पहुंचाया है हमारी एकता और निष्ठा त्याग तपस्या समर्पण सेवा का संकल्प लेके हमेशा तैयार होकर हर मुश्किल समय में साथ खड़े होकर अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे आने वाले समय में पूरे जिले से लेके प्रदेश पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी जिससे समाज के लिए बेहतर कार्य कर सकें।कड़ा फैसला और अडिग विचारधारा के तहत कार्य करने के लिए जाना जाता है श्री कुर्रे ने समस्त मानव समाज एवं अपने टीम के कार्यकर्ताओं को बधाई दी उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण,राहुल,प्रवीण,सुभाष, कुलेश्वर,ललित ने दी।

गुरु भगवंतों से क्या प्राप्त किया इस पर मनन करें : मौलिकप्रभ सागर जी

चातुर्मासिक प्रवचन में आत्मचिंतन का संदेश, गुरु के मार्गदर्शन को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 3 नवंबर। हमें गुरु भगवंतों का सहयोग और मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहता है। चातुर्मास के दौरान भी हमने सत्संग का लाभ उठाया है। अब हमें मनन करना चाहिए कि इस अवधि में गुरु भगवंतों से हमने क्या प्राप्त किया और उस ज्ञान को अपने जीवन में किस प्रकार उतार सकते हैं। ये उद्गार खरतरगच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मुनि मौलिकप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए।

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक



प्रवचन के दौरान मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने गुरु के सानिध्य, सत्संग और आत्मचिंतन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु भगवंतों का सहयोग और मार्गदर्शन हमें हमेशा मिलता रहता है, लेकिन हमें यह भी विचार करना चाहिए कि इन 24 घंटों में हमने कितना समय गुरु भगवंतों के सानिध्य और सत्संग में बिताया। साथ ही यह चिंतन करना चाहिए कि इस चातुर्मास के दौरान हमने क्या सीखा और अपने जीवन में क्या बदलाव लाए।

मुनि श्री ने कहा कि चातुर्मास संपन्न होने के बाद गुरु भगवंतों का विहार भी हो जाएगा। ऐसे में हमें इस अवधि में उनसे प्राप्त ज्ञान, प्रेरणा और मार्गदर्शन का मनन करना चाहिए। श्रद्धाभाव से गुरु भगवंतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहना चाहिए कि आपके हमारे जीवन में आने से हमें बहुत कुछ प्राप्त हुआ है। हमारी कामना है कि आपकी कृपा और मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहे, ताकि हमारा जीवन भी आपके आदर्शों के अनुरूप बन सके और हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने भी श्रावकों को संबोधित किया और जैन रामायण की कथा सुनाई।

चोरी का सामान खरीदने वाला गिरफ्तार 41 हजार का माल बरामद

नेवरा-तिल्दा 3 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम सतभांवा स्थित मुर्गी फार्म हाउस में हुई चोरी के मामले में तिल्दा नेवरा पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने के आरोप में रफीक मोहम्मद (37) निवासी ताजनगर नेवरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 सीसीटीवी कैमरे, एक डीवीआर और एलईडी टीवी सहित करीब 41 हजार रुपये का सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 7 अक्टूबर को अज्ञात चोरों ने फार्म हाउस से उक्त सामान के अलावा एक जर्मन शेफर्ड कुत्ता भी चोरी किया था। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में चोरी का सामान कम कीमत पर खरीदना स्वीकार किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। चोरी हुए कुत्ते की बरामदगी की जानकारी फिलहाल नहीं मिली है।



खुद ही फरियादी और खुद की जज बन गए

न्याय तो तब न्याय माना जाता है जब एक फरियादी और एक जज हो। फरियादी जज से न्याय की अपेक्षा लेकर जाता है और जज उसकी फरियाद सुनता है और फैसला देता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है या नहीं हुआ है।ऐसा तो कहीं नहीं होता है कि जो फरियादी होता है, वही जज बन जाए और खुद की फरियाद पर खुद ही फैसला भी सुना दे और उस पर गजब यह है कि खुद ही फैसला सुनाए और खुद ही फैसले को माने नहीं।कांग्रेस और राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के यहां सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रतीकात्मक जनमहाभियोग का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मीराकुमार ने की और इसमें इंडिया गठबंधन के यानी 19 दलों के 215 सांसद शामिल हुए। ये वही मीराकुमार हैं जिन्होंने संसद में विपक्षी नेताओं के माक पर्लियामेंट का विरोध किया था और आज वह माक पर्लियामेंट की अध्यक्षता कर रही थी। यानी कुछ लोगों को जो सत्ता में रहते गलत लगता है, वह सत्ता में नहीं रहने पर सही लगने लगता है। यानी सही और गलत सत्ता के आधार पर तय होता है। प्रतीकात्मक जनमहाभियोग में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सीईसी पर वोट चोरी की साजिश,मोदी शाह के इशारे पर काम करने और 13.2 करोड़ वोट हटाने जैसे 6 आरोप लगाए।इसमें नया कुछ नहीं है,देश के लोग उम्मीद कर रहे थे कि कांग्रेस जब इतना बड़ा आयोजन कर रही है तो उसके पास जरूर कुछ नया होगा, जरूर कोई सबूत पेश करेंगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं होने से साफ हो गया है कि कांग्रेस का मकसद लोकतंत्र, संविधान के नाम पर देश में अराजकता का माहौल बनाना है और देश की विकास को प्रभावित करना है।पिछले दो महीने से कांग्रेस यही कर रही है, इससे दिल्ली के व्यापारियों को दीपावली के समय हजारो करोड़ों का नुकसान हो चुका है। कांग्रेस ने यह नुकसान व्यापारियों को दिल्ली में व्यापारियों की इस मांग के बाद भी पहुंचाया है कि वह दीपावली के समय इस तरह के आयोजन न करे, राहुल गांधी,सोनिया गांधी से अपील करने का कोई असर नहीं हुआ। राहुल गांधी व कांग्रेस ने वही किया जिससे व्यापारियों को नुकसान हुआ है। इससे कांग्रेस की छवि व्यापार विरोधी, व्यापारी विरोधी और हिंदुओं के त्योहार विरोधी बनी है। कांग्रेस ने दिल्ली तमाम आयोजन करते वक्त यह नहीं सोचा कि उसका दिल्ली चुनाव मे वैसे ही एक विधायक नहीं जीत रहा है और उसको ऐसा आयोजन नहीं करना चाहिए जिससे दिल्ली के व्यापारी व दिल्ली के लोग नाराज हों लेकिन कांग्रेस अक्टूबर व नवंबर में दिल्ली में जो आयोजन किए है,उससे दिल्ली में उसका बचा खुचा जनाधार भी कम होना तय है। जनमहाभियोग में राहुल गांधी ने जो कहा उससे तो ऐसा लगता है कि कांग्रेस व राहुल गांधी ठीक से सोच नहीं पा रहे हैं, जनता की नजर में साख खोते जा रहे हैं। यही कांग्रेस व राहुल गांधी हैं जो 24 के चुनाव में 99 सीटें जीतने पर यानी चुनाव में हारने पर कहा थी कि वह नैतिक रूप से विजयी हुए है, यानी वह मान रहे थे कि चुनाव सही हुआ और वह नैतिक रूप से जीते हैं। एनडीए को बहुमत मिलने पर कहा था यह कमजोर सरकार है, यह ज्यादा दिन नहीं चलेगी, छह महीने में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। कांग्रेस व राहुल गांधी भले भूल जाए लेकिन देश की जनता नहीं भूलती है कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने कब क्या कहा था और उसके तीन चार साल जो कह रही है वह कितना झूठ कह रही है।राहुल गांधी व कांग्रेस ने 24 के बाद तीन साल हो गए पूरे चुनाव को कभी अवैध नहीं कहा था,जन महाभियोग में राहुल गांधी ने अवैध कहा तो है लेकिन हिम्मत नहीं हुई कि वह साफ शब्दों में कहें कि मैं कह रहा हूं कि 2024 का चुनाव अवैध था। उन्होंने जनमहाभियोग में कहा है कि 13.2 करोड़ वोटर जो हटाए गए हैं,वह कुल वोटर का 15 प्रतिशत हैं।24 के चुनाव में जीत हार का अंतर 3 प्रतिशत था।राहुल के मुताबिक इससे निर्वाचन आयोग खुद मान रहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध था।भाजपा के लोग अवैध तरीके से सदन पहुंचे। राहुल गांधी के बयान से साफ है कि वह खुद कहने की हिम्मत नहीं कर पाए कि जीत हार का अंतर तीन प्रतिशत होने के कारण 24 का चुनाव अवैध है, वह कह रहे हैं कि चुनाव आयोग ऐसा मान रहा है। चुनाव आयोग ने तो कभी नहीं कहा कि 24 का चुनाव अवैध था। राहुल गांधी जानते हैं कि वह सीधे चुनाव को अवैध करेंगे तो सवाल उठना तय है कि इसका पता उनको अब क्यों चल रहा है, चुनाव हुए तो तीन साल हो गए हैं, भाजपा सदन में अवैध रूप से पहुंचे तो सदन में कांग्रेस के सांसद भी पहुंचे हैं फिर संसद पहुंचने वाले कांग्रेस के सांसद भी अवैध रूप से संसद पहुंचे हैं,फिर तो राहुल गांधी में वैध नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं। राहुल गांधी खुद की वोट चोरी का आरोप लगाते हैं और खुद ही जज बनकर कहते हैं कि चुनाव अवैध है। मामला अदालत में हैं लेकिन राहुल गांधी ने अदालत के फैसले का इंतजार नहीं किया और अदालत के पहले खुद फैसला सुना दिया कि चुनाव अवैध है। संविधान को मानने वाले तो ऐसा नहीं करते हैं।

राजनीति

रामलीला में अखिलेश की हुंकार, यूपी में गठबंधन की एकता पर सवाल!

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार



दिल्ली के रामलीला मैदान से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा के खिलाफ ऐसी हुंकार भरी है, जिसकी असली परीक्षा अब उत्तर प्रदेश में होगी। एक नवंबर को इंडिया गठबंधन की महारैली में विपक्षी नेताओं ने एक मंच पर खड़े होकर चुनावी व्यवस्था, कथित वोट चोरी और भाजपा की राजनीति पर हमला बोला। अखिलेश ने दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की विदाई होगी। उन्होंने यहां तक कहा कि यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई उससे भी बेहतर करते हैं। उनके इस बयान ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। मगर सवाल यह है कि जो विपक्ष दिल्ली के रामलीला मैदान में एकजुट दिखाई दिया, क्या वह लखनऊ पहुंचते-पहुंचते भी अपनी एकजुटता बचा पाएगा? क्योंकि भाजपा को सत्ता से हटाने की लड़ाई में सबसे बड़ा रोड़ा विपक्ष की अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं बन सकती हैं।अखिलेश यादव ने अपने भाषण में उत्तर प्रदेश को बदलाव की राजनीति का केंद्र बताया। उन्होंने रामलीला मैदान को लोकतंत्र की हल्दीघाटी बताते हुए कहा कि परिवर्तन का संदेश यहीं से निकलेगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिनकी जमीन ही नहीं बची, वे पैर कहां रखेंगे। उनका इशारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंगद के पैर वाले बयान की तरफ था।अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम कटने संबंधी बयान को भी राजनीतिक हथियार बनाया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यह आंकड़ा कहां से आया और इसकी जानकारी किस आधार पर दी गई? उनका कहना था कि जब सरकार के मुखिया ही इतने बड़े आंकड़े की बात कर रहे हैं तो इस सवाल पर विपक्ष की आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता।हालांकि मतदाता सूची में नाम कम होने और कथित वोट चोरी के आरोपों को एक ही तथ्य मानना उचित नहीं है। नाम हटने की वजह, पात्र मतदाताओं की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया के आधिकारिक आंकड़ों की जांच जरूरी है। विपक्ष को अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण भी सामने रखने होंगे। अखिलेश यादव की राजनीतिक आक्रामकता के पीछे 2024 के लोकसभा चुनाव का परिणाम है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में समाजवादी पार्टी ने 37 और कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं। दोनों दलों का संयुक्त आंकड़ा 43 सीटों तक पहुंच गया था। भाजपा 33 सीटों पर सिमट गई थी। यह परिणाम इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि उत्तर प्रदेश लंबे समय से भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति का सबसे मजबूत आधार बना हुआ है।सपा ने पहली बार प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान इतनी बड़ी राजनीतिक बढ़त हासिल की। अखिलेश ने अपने पीडीए समीकरण को चुनावी परिणाम में बदलकर दिखाया। कांग्रेस को भी गठबंधन से नई राजनीतिक ताकत मिली। यही वजह है कि दोनों दल अब 2027 के विधानसभा चुनाव को सत्ता परिवर्तन के बड़े अवसर के रूप में देख रहे हैं।लेकिन 2024 की जीत को 2027 की जीत की गारंटी समझना सबसे बड़ी राजनीतिक भूल होगी। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मुद्दे अलग होते हैं। स्थानीय उम्मीदवार, जातीय समीकरण, संगठन की सक्रियता और सरकार के कामकाज का असर विधानसभा चुनाव में कहीं अधिक दिखाई देता है।उत्तर प्रदेश की विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं और बहुमत के लिए 202 सीटों की जरूरत होती है। 2022 के चुनाव में भाजपा ने अकेले 255 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। समाजवादी पार्टी 111 सीटों तक पहुंची थी।

कांग्रेस को केवल दो सीटें मिली थीं। भाजपा के सहयोगियों को मिलाकर एनडीए की संख्या 273 तक पहुंच गई थी।इन आंकड़ों से साफ है कि विपक्ष को सत्ता तक पहुंचने के लिए अपनी पिछली स्थिति से काफी आगे जाना होगा। 2024 में लोकसभा की 43 सीटें जीतना बड़ी उपलब्धि जरूर है, लेकिन विधानसभा की 202 सीटों का लक्ष्य हासिल करने के लिए विपक्ष को हर क्षेत्र में मजबूत उम्मीदवार और भरोसेमंद संगठन चाहिए।भाजपा को हराने के लिए केवल नाराजगी का माहौल बनाना काफी नहीं होगा। जनता को यह भी भरोसा देना होगा कि सत्ता मिलने पर सरकार किस दिशा में काम करेगी।गठबंधन की सबसे कठिन परीक्षा सीटों के बंटवारे में होगी। कांग्रेस 2024 के प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाना चाहती है। पार्टी की नजर उन सीटों पर है जहां उसका पुराना जनाधार और मजबूत उम्मीदवार मौजूद हैं। दूसरी तरफ सपा खुद को प्रदेश की सबसे बड़ी विपक्षी ताकत मानती है।मई 2026 में सामने आए राजनीतिक घटनाक्रम के अनुसार कांग्रेस ने 100 से 125 सीटों पर मजबूत उम्मीदवार तैयार करने की रणनीति बनाई थी। वहीं सपा सीटों की संख्या के बजाय जीतने की संभावना को प्राथमिकता देने की बात कहती रही है। दोनों दलों के बीच अंतिम सीट समझौता अभी होना बाकी है।यहीं से गठबंधन की असली परेशानी शुरू होती है। कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिलती हैं तो सपा के स्थानीय नेताओं की नाराजगी बढ़ सकती है। सपा ज्यादा सीटें अपने पास रखती है तो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा हो सकता है। दोनों दलों के सामने अपने-अपने राजनीतिक आधार को बचाने की चुनौती है।2017 का अनुभव भी सामने है। उस समय सपा और कांग्रेस ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। कांग्रेस को 105 सीटें दी गई थीं, लेकिन पार्टी केवल सात सीटें जीत सकी थी। सपा को भी सत्ता से बाहर होना पड़ा था। 2022 में दोनों दल अलग-अलग लड़े और कांग्रेस दो सीटों पर सिमट गई। ऐसे में दोनों को समझना होगा कि गठबंधन की मजबूती केवल सीटों की संख्या से नहीं, बल्कि सही उम्मीदवार और जमीनी तालमेल से तय होती है। अखिलेश यादव की राजनीति का सबसे बड़ा आधार पीडीए है। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को एक राजनीतिक मंच पर लाने की उनकी कोशिश ने 2024 में सपा को बड़ी सफलता दिलाई। मगर 2027 में इस समीकरण को बनाए रखना आसान नहीं होगा।कांग्रेस का अपना सामाजिक आधार है। सपा का अपना संगठन और मतदाता वर्ग है। छोटे सहयोगी दल भी अपनी हिस्सेदारी चाहते हैं। ऐसे में अखिलेश को सबको साथ लेकर चलना होगा। केवल बड़े नेताओं की संयुक्त तस्वीर से मतदाता एक साथ नहीं आते। इसके लिए गांवों, कस्बों और बूथों तक साझा अभियान चलाना होगा।बसपा प्रमुख मायावती की राजनीति भी इस समीकरण को प्रभावित कर सकती है। दलित मतदाताओं के बीच बसपा का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सपा और कांग्रेस को यह समझना होगा कि दलित मतदाताओं का समर्थन केवल नारों से नहीं, भरोसे और राजनीतिक भागीदारी से हासिल होगा।भाजपा को विपक्ष की एकजुटता से राजनीतिक चुनौती जरूर मिलेगी, लेकिन उसे कमजोर समझना विपक्ष की बड़ी भूल होगी। भाजपा के पास प्रदेशव्यापी संगठन, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का नेटवर्क और सरकार का अनुभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पार्टी पहले से चुनावी तैयारी में जुटी है।विपक्ष को महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था जैसे सवालों पर सरकार को घेरना होगा। साथ ही यह भी बताना होगा कि सत्ता में आने पर वह इन समस्याओं का समाधान कैसे करेगा।रामलीला मैदान में अखिलेश यादव ने भाजपा को चुनौती देने का ऐलान कर दिया है। लेकिन अब उन्हें अपने सहयोगियों को साथ रखने, सीटों का विवाद सुलझाने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का कठिन काम करना होगा। 2027 की लड़ाई में अखिलेश यादव के पास 2024 का आत्मविश्वास है, लेकिन भाजपा के पास 2022 की सत्ता और मजबूत संगठन है। कांग्रेस के सामने अपनी राजनीतिक जमीन बढ़ाने का अवसर है, जबकि सपा के सामने प्रदेश में अपनी सबसे बड़ी विपक्षी ताकत की पहचान बचाए रखने की चुनौती है।रामलीला मैदान में विपक्ष ने भाजपा के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है। मगर दिल्ली में हाथ उठाकर एकता दिखाना और उत्तर प्रदेश की 403 सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ना दो अलग-अलग बातें हैं। अगर सीटों की खींचतान, नेतृत्व की महत्वाकांक्षा और स्थानीय गुटबाजी हावी हुई तो यह एकता चुनाव से पहले ही कमजोर पड़ सकती है।अखिलेश यादव को अब केवल भाजपा की विदाई का नारा नहीं देना है, बल्कि अपने सहयोगियों को यह भरोसा भी दिलाना है कि गठबंधन में सबकी राजनीतिक हिस्सेदारी सुरक्षित रहेगी। क्योंकि उत्तर प्रदेश की सत्ता का रास्ता रामलीला मैदान से नहीं, बल्कि उन हजारों बूथों से होकर गुजरता है जहां मतदाता अपना फैसला सुनाता है। 2027 में भाजपा की विदाई होगी या विपक्ष की एकता की परीक्षा में फिर दरार पड़ेगी, इसका जवाब नारों से नहीं, जमीन पर किए गए काम से मिलेगा।

सू- दोकू क्र.207

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.206 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -207


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीव (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 206 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

राशिफल

मेष-आज का दिन कामकाज की व्यस्तता और जिम्मेदारियों के बीच बीत सकता है। एक साथ कई काम सामने आने से थोड़ी उलझन जरूर होगी, लेकिन आपकी सूझबूझ आपको हर परिस्थिति से बाहर निकाल लेगी। किसी बाहरी व्यक्ति के साथ बहस या कहासुनी होने की आशंका है, इसलिए अपनी वाणी में मिठास बनाए रखें। याद रखें, कई बार आपका शांत और विनम्र व्यवहार वह काम कर जाता है, जो तर्क-वितर्क से भी संभव नहीं होता।

वृषभ-आज आपकी मेहनत रंग लाने वाली है और मान-सम्मान में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में आपके लिए नए रास्ते खोल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके काम करने के तरीके और लगन की सराहना होगी, जिससे आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में राहत मिलेगी और धन प्राप्ति के अच्छे अवसर सामने आ सकते हैं। परिवार में सुख-शांति और समृद्धि का वातावरण बना रहेगा।

मिथुन-आज का दिन मन को प्रसन्नता और सुकून देने वाला रहेगा। कामकाज में सही सलाह और उचित मार्गदर्शन मिलने से कई जरूरी काम आसानी से पूरे हो सकते हैं। यदि आप राजनीति, सामाजिक गतिविधियों या किसी नए काम की शुरुआत करने के बारे में सोच रहे हैं, तो उत्साह के साथ-साथ विवेक से भी काम लें। हर कदम उठाने से पहले उसके परिणामों पर विचार करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

कर्क-आज आपका आत्मविश्वास आपको मुश्किल परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। व्यापार में किसी बड़ी डील या महत्वपूर्ण सौदे को लेकर इंतजार करना पड़ सकता है। मनचाहा परिणाम तुरंत न मिलने पर निराश होने के बजाय अपनी तैयारी मजबूत रखें, क्योंकि सही समय पर परिस्थितियां बदल सकती हैं। मामा पक्ष की ओर से आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं।

सिंह-आज आपको घर और कार्यक्षेत्र के बीच अच्छा तालमेल बनाकर चलना होगा। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आपका आत्मविश्वास और मेहनत हर काम को संभालने में मदद करेंगे। विदेश से जुड़े काम करने वालों के लिए कोई अच्छी खबर सामने आ सकती है, जिससे भविष्य की योजनाओं को नई दिशा मिलेगी। प्रेम संबंधों में अपनापन बढ़ेगा और एक-दूसरे की भावनाओं को समझने का अवसर मिलेगा। पारिवारिक मामलों में भी आपकी समझदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कन्या -आज आपकी प्रतिभा और रचनात्मक सोच लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी। समाज और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ने के साथ ही अपनी योग्यता साबित करने के नए अवसर मिल सकते हैं। ऑफिस में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाए तो उसे पूरी ईमानदारी और लगन से निभाएं। आपके काम की गुणवत्ता वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित कर सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी होगा।

तुला-आज आपके जीवन में बदलाव और नई शुरुआत के अवसर दस्तक दे सकते हैं। नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं या कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी की उम्मीद लगाए बैठे हैं, तो कोई सकारात्मक संकेत मिल सकता है। अपने लिए कोई पसंदीदा वस्तु खरीदने की इच्छा भी प्रबल होगी। हालांकि, खरीदारी करते समय बजट का ध्यान रखना बेहतर रहेगा। जीवनसाथी के लिए कोई छोटा-सा सरप्राइज या प्यार भरा प्रयास रिश्ते में नई मिठास घोल सकता है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए राहत, खुशियां और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। लंबे समय से अटके हुए काम धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे, जिससे मन का बोझ हल्का होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपको भावनात्मक मजबूती देगा और महत्वपूर्ण फैसलों में भी मदद मिलेगी। मां की सेहत में सुधार होने से घर में सुकून का माहौल बनेगा। यात्रा के दौरान कोई उपयोगी जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए नए अवसरों के द्वार खोल दे।

धनु राशि-आज आपका दिन कामकाज और जिम्मेदारियों के बीच व्यस्त रह सकता है, लेकिन आपकी मेहनत अच्छे परिणाम देने वाली साबित होगी। समय पर काम पूरा करने और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने की आदत आपको दूसरों के बीच अलग पहचान दिलाएगी। कार्यक्षेत्र में अपने प्रयासों पर भरोसा रखें और किसी जरूरी काम को अधूरा छोड़ने से बचें। निजी जीवन में भी खुशियों के कुछ खास पल मिल सकते हैं।

मकर राशि-आज ज्ञान, शिक्षा और तकनीक से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्साह बढ़ाने वाला रह सकता है। कुछ नया सीखने या अपनी मौजूदा जानकारी को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। आपकी सीखने की इच्छा भविष्य में तरक्की के नए रास्ते खोल सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षकों का मार्गदर्शन और सहयोग मिलने से पढ़ाई में अच्छे परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

कुंभ राशि-आज नई शुरुआत करने और भविष्य की योजनाओं को आकार देने के लिए अच्छा अवसर मिल सकता है। यदि आप कोई नया काम शुरू करने या किसी योजना पर आगे बढ़ने की सोच रहे हैं, तो उचित तैयारी के साथ कदम बढ़ाएं। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए किए गए प्रयास भविष्य में लाभ दे सकते हैं। परिवार का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण फैसले लेने में मदद करेगा। पुराने कर्ज या आर्थिक जिम्मेदारियों को कम करने की दिशा में भी प्रगति होने के संकेत हैं। हालांकि, आर्थिक मामलों में उत्साह के साथ व्यावहारिक सोच बनाए रखना जरूरी होगा।

मीन राशि-आज व्यापार और करियर के लिहाज से उत्साहजनक परिणाम मिलने की संभावना है। नई योजनाओं को आगे बढ़ाने या कामकाज का विस्तार करने के लिए कुछ अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है। यदि आप सोच-समझकर निवेश करेंगे, तो इसका लाभ भविष्य में मिल सकता है।

लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या का समाधान मिलने से मन को बड़ी राहत मिलेगी और आप नई ऊर्जा के साथ अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। हालांकि, आमदनी और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। जरूरत और इच्छा के बीच अंतर समझकर ही पैसे खर्च करें। अपने कीमती सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर भी सतर्क रहें, ताकि छोटी-सी लापरवाही परेशानी का कारण न बने। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखना आपके लिए विशेष रूप से फायदेमंद रहेगा। एक-दूसरे की राय का सम्मान करते हुए योजनाएं बनाएंगे, तो कामकाज और पारिवारिक जीवन दोनों में बेहतर परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

आजम की कैद में अखिलेश की सियासत, ओवैसी के लिए खुला मैदान

संजय सक्सेना,लखनऊ,



रामपुर जेल का दरवाजा खुला तो आजम खान ने बाहर की हवा में सांस लेने की उम्मीद की होगी, लेकिन आजादी की यह सुबह महज कुछ मिनटों की मेहमान निकली। जेल से बाहर आते ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जिस नेता की रिहाई को समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने मुस्लिम नेतृत्व की ताकत दिखाने के अवसर के रूप में देख सकती थी, वह फिर सलाखों के पीछे पहुंच गया। एक ही घटनाक्रम में सपा के सामने तीन सवाल खड़े हो गए हैं। आजम खान की गैरमौजूदगी में रामपुर की राजनीति किसके इर्द-गिर्द घूमेगी? मुस्लिम नेतृत्व के सवाल पर अखिलेश यादव ओवैसी को क्या जवाब देंगे? और क्या सपा अपने सबसे पुराने मुस्लिम राजनीतिक चेहरों में से एक के साथ खड़े होने का भरोसा कायम रख पाएगी? आजम खान की गिरफ्तारी को केवल एक कानूनी घटनाक्रम मानकर छोड़ देना उत्तर प्रदेश की राजनीति के एक महत्वपूर्ण पहलू को नजरअंदाज करना होगा। 31 अक्टूबर 2026 को दो पैन कार्ड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम रामपुर जेल से बाहर आए। लेकिन आजम की रिहाई के तुरंत बाद ईडी ने जौहर ट्रस्ट से जुड़े धनशोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एक नवंबर को गाजियाबाद की विशेष अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यानी जिस रिहाई को राजनीतिक वापसी की शुरुआत माना जा रहा था, वह फिर कानूनी लड़ाई में बदल गई। इस मामले में 494.46 करोड़ रुपये और 78.32 करोड़ रुपये के बीच का अंतर सबसे महत्वपूर्ण है। जिला मूल्यांकन अधिकारी की रिपोर्ट के मुताबिक, जौहर विश्वविद्यालय की 59 इमारतों के निर्माण की लागत 494.46 करोड़ रुपये आंकी गई। दूसरी तरफ जौहर ट्रस्ट ने आयकर रिकॉर्ड में वित्त वर्ष 2013-14 से 2024-25 के दौरान 78.32 करोड़ रुपये का पूंजीगत खर्च दिखाया। ईडी के मुताबिक, दोनों आंकड़ों के बीच 416.14 करोड़ रुपये का अंतर है, जिसका संतोषजनक हिसाब नहीं मिला। एजेंसी ने सरकारी धन के कथित इस्तेमाल और वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है। हालांकि, यह जांच एजेंसी के आरोप हैं, इन्हें अदालत में साबित होना बाकी है। आरोपों को ही अंतिम फैसला मान लेना न्यायिक प्रक्रिया के साथ अन्याय होगा। आजम खान का राजनीतिक महत्व समझने के लिए उनके चुनावी सफर पर नजर डालना जरूरी है। वह रामपुर से दस बार विधायक चुने गए। चार बार मंत्री रहे और दो बार लोकसभा पहुंचे। 1980 में पहली बार विधानसभा पहुंचे आजम खान ने चार दशक से अधिक समय तक रामपुर की राजनीति में अपनी मौजूदगी बनाए रखी। मुलायम सिंह यादव के दौर में उनकी हैसियत इतनी बड़ी थी कि सपा के भीतर उनके राजनीतिक वजन को नजरअंदाज करना आसान नहीं था। अखिलेश यादव के कार्यकाल में भी वह सरकार के सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में शामिल रहे। इसलिए आजम की अनुपस्थिति केवल एक वरिष्ठ नेता की गैरमौजूदगी नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक व्यवस्था में खाली हुई जगह है जिसमें मुस्लिम नेतृत्व का एक बड़ा चेहरा लंबे समय तक मौजूद रहा।

लेकिन आजम खान की राजनीतिक ताकत को लेकर एक दूसरा सच भी है। रामपुर में उनका प्रभाव पहले जैसा निर्विवाद नहीं रह गया है। 2022 के उपचुनाव में रामपुर लोकसभा सीट भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी ने जीत ली थी। 2024 में सपा के मोहिबुल्लाह नदवी ने 4,81,503 वोट हासिल कर भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी को 87,434 वोटों से हराया। यह जीत सपा के लिए महत्वपूर्ण थी, लेकिन उम्मीदवार चयन को लेकर आजम खान के खेमे की नाराजगी ने पार्टी के अंदरूनी समीकरण भी उजागर किए। आजम के करीबी आसिम रजा की दावेदारी और मोहिबुल्लाह नदवी को टिकट दिए जाने के बीच पैदा हुआ विवाद बताता है कि रामपुर में आजम की राजनीतिक विरासत को लेकर खींचतान पहले से मौजूद है। लिहाजा उनकी गिरफ्तारी के बाद यह मान लेना कि पूरा राजनीतिक मैदान अपने आप सपा के हाथ से निकल जाएगा, उतना ही गलत होगा जितना यह मानना कि उनकी अनुपस्थिति से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।अखिलेश यादव के सामने सबसे बड़ी चुनौती मुस्लिम नेतृत्व के भरोसे की है। 22 अक्टूबर को रामपुर जेल में आजम खान से मुलाकात करके अखिलेश ने राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की थी। लेकिन इस मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद आजम की गिरफ्तारी ने उस संदेश की परीक्षा शुरू कर दी है। सवाल यह नहीं है कि अखिलेश आजम खान के सम्मान में बयान देते हैं या नहीं। असली सवाल यह है कि पार्टी संगठन और चुनावी फैसलों में मुस्लिम नेताओं को कितनी भागीदारी मिलती है।

2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 403 सीटों में 34 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे थे। यह आंकड़ा बताता है कि मुस्लिम मतदाताओं की राजनीतिक भागीदारी और विधानसभा में उनके प्रतिनिधित्व के बीच अभी भी बड़ी बहस मौजूद है। सपा के लिए चुनौती केवल मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन हासिल करना नहीं, बल्कि उन्हें राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में हिस्सेदारी का भरोसा देना भी है।इसी खाली जगह पर असदुद्दीन ओवैसी अपनी राजनीति का विस्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। 18 अक्टूबर को रामपुर के टांडा में हुई जनसभा में उन्होंने अखिलेश यादव और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मुस्लिम युवा अब दूसरों के लिए दरी बिछाने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपना नेतृत्व खुद करेंगे। ओवैसी का यह बयान महज चुनावी भाषण नहीं, बल्कि मुस्लिम प्रतिनिधित्व की उस बहस को सामने लाता है जिसे सपा लंबे समय से अपने राजनीतिक आधार का हिस्सा मानती रही है।आजम खान जेल से बाहर रहते तो सपा के पास इस सवाल का जवाब देने के लिए एक प्रभावशाली राजनीतिक चेहरा मौजूद रहता। वह अपने पुराने समर्थकों से संवाद कर सकते थे और अखिलेश यादव के साथ मंच साझा करके पार्टी के भीतर मुस्लिम नेतृत्व की भूमिका का संदेश दे सकते थे। लेकिन यह भी सच है कि किसी एक नेता की मौजूदगी से प्रतिनिधित्व की पूरी समस्या हल नहीं होती। ओवैसी के सवालों का जवाब तभी दिया जा सकता है जब टिकट वितरण से लेकर संगठन और विधानसभा में नेतृत्व तक मुस्लिम नेताओं की भागीदारी दिखाई दे।अब सपा के सामने दोहरी चुनौती है।एक तरफ आजम खान के पुराने समर्थकों को पार्टी से जोड़े रखना है, दूसरी तरफ रामपुर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नए नेतृत्व को जगह देनी है। आजम के राजनीतिक सम्मान और स्थानीय नेताओं की महत्वाकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। आजम खान की कानूनी लड़ाई अभी लंबी हो सकती है, लेकिन उनकी गिरफ्तारी के बाद छह महीने जेल में रहना अनिवार्य है, ऐसा कहना भी सही नहीं होगा। जमानत का फैसला अदालत और मामले की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इसलिए जनवरी से मार्च 2027 तक उनकी रिहाई का कोई रास्ता नहीं है, ऐसा अभी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।उत्तर प्रदेश की राजनीति में आजम खान की गिरफ्तारी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या मुस्लिम नेतृत्व किसी पार्टी के चुनावी समर्थन तक सीमित रहेगा या उसे फैसले लेने की वास्तविक जगह भी मिलेगी। 2027 की लड़ाई में यह सवाल केवल आजम खान का नहीं होगा। यह अखिलेश यादव की संगठनात्मक राजनीति, ओवैसी के प्रतिनिधित्व संबंधी दावों और मुस्लिम मतदाताओं के राजनीतिक विकल्पों की भी परीक्षा होगी। रामपुर से उठी यह बहस अब प्रदेश की राजनीति के बड़े सवालों में शामिल हो चुकी है।

एक नजर

बीजापुर में बस्तर फाइटर्स के 417 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन शुरू

बीजापुर 3 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिले के स्थानीय युवाओं के लिए बस्तर फाइटर्स बल में भर्ती होने का अवसर मिला है। छत्तीसगढ़ शासन के गृह (पुलिस) विभाग द्वारा अधिसूचित भर्ती नियम-2026 के तहत जिले में कुल 417 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए 2 नवंबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर 2026 शाम 5 बजे निर्धारित की गई है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार रिक्त पदों में अनारक्षित वर्ग के 19, अन्य पिछड़ा वर्ग के 68, अनुसूचित जाति के 40 और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 290 पद शामिल हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र भरकर कार्यालय पुलिस अधीक्षक बीजापुर तथा एसडीओपी कार्यालय आवापल्ली, भैरमगढ़, भोपालपटनम, कुटरू और फरसेगढ़ में जमा कर सकते हैं। इसके अलावा पंजीकृत डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक कार्यालय बीजापुर, पिन कोड 494444 पर आवेदन भेजने की सुविधा भी उपलब्ध है।भर्ती के आवेदन प्रारूप, शारीरिक मापदंड, शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जिले के थाना-चौकियों, एसडीओपी कार्यालयों और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट cgpolice.gov.in एवं बीजापुर पुलिस की वेबसाइट bijapur.cgpolice.gov.in पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बीजापुर पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करें और भर्ती के नाम पर पैसे मांगने या नौकरी लगवाने का झांसा देने वाले लोगों से सावधान रहें। यदि कोई व्यक्ति पैसों की मांग करता है तो तत्काल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इसकी सूचना दें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष रहेगी।

किराना दुकान में लगी भीषण आग में सामान जलकर खाक हो गया

जगदलपुर, 3 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर जिले के बकावंड थाना क्षेत्र के ग्राम छिनारी में बीती रात 10 बजे को एक किराना दुकान में भीषण आग लग गई। आग से यशवंत सिंह की दुकान और उसमें रखा सामान जल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को सूचित किया गया। इसके बाद जिले से फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। दमकल टीम की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते आग को आस-पास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। इससे किराना दुकान के पास स्थित दो अन्य दुकानें आग की चपेट में आने से बच गईं। दमकल कर्मियों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने दमकल टीम की सराहना की। लोगों ने कहा कि समय पर फायर ब्रिगेड के पहुंचने और मुस्तैदी से की गई कार्रवाई के कारण आसपास की दुकानों को सुरक्षित बचाया जा सका। फिलहाल आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

बस्तर में यात्री ट्रेन सेवा 38 दिनों बाद बहाल हुई

जगदलपुर, 3 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर में यात्री ट्रेन सेवा को 38 दिनों बाद आखिरकार फिर से बहाल कर दिया गया है। केके रेललाइन पर लैंड स्लाइड की घटना हुई थी, जिसके बाद 03 यात्री ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और 02 यात्री ट्रेनों को रद्द किया गया था। शॉर्ट टर्मिनेट की गई किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर, जगदलपुर से भुवनेश्वर के बीच चलने वाली हीराखंड एक्सप्रेस और जगदलपुर से हावड़ा के बीच चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस को आज सोमवार को बहाल कर दिया गया है.। इसके साथ रद्द की गई दो यात्री ट्रेनों जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस और किरंदुल-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस को जल्द शुरू किए जाने की संभावना है। लंबे समय से रेल सेवाएं बंद होने के कारण परेशान यात्रियों को अब बड़ी राहत मिलेगी। 23 सितंबर को आई बाढ़ और भूस्खलन से करीब 03 किलोमीटर रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे रेल यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया था।

नेशनल पार्क के पीलूर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

- जनचौपाल में सुनीं समस्याएं, सरकारी योजनाओं की दी जानकारी; पीलूर में नवीन थाना जल्द शुरू करने का भरोसा, सुरक्षा कैंपों का भी किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 3 नवम्बर। जिले के दूरस्थ नेशनल पार्क क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस की पहुंच मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर विश्वदीप एवं पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने रविवार को ग्राम पीलूर का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ जनचौपाल लगाकर सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।



जनचौपाल में कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड और खेती-किसानी से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को धान बिक्री के लिए पटवारी के माध्यम से पंजीयन कराने की समझाइश दी। साथ ही क्षेत्र में स्कूल खोलने की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए मौके पर मौजूद पटवारी को ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वहीं पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने ग्राम पीलूर में स्वीकृत नवीन थाने को जल्द शुरू करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था मजबूत करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान ग्रामीण युवाओं को बस्तर फाइटर आरक्षक भर्ती के संबंध में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गुब्बारे, बिस्किट और चॉकलेट वितरित किए गए। ग्रामीणों ने अधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा कैंप कांडलापर्ती-2 एवं पीलूर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल बंसल, घनश्याम कामड़े, एसडीएम भोपालपटनम भूपेंद्र गावड़े, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन और पुलिस की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने और सुरक्षा के साथ विकास के प्रति विश्वास मजबूत करना है।

बीजापुर में बारिश ने राज्योत्सव की रौनक पर पानी फेर दिया





- मंत्री के दीदार को घंटों बैठे रहे स्कूली बच्चे, खाली कुर्सियों ने खोली जनभागीदारी की पोल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 3 नवम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बीजापुर के मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में प्रशासनिक तैयारियों में बारिश ने खलल डाला। मुख्य अतिथि मंत्री खुशवंत साहेब के निर्धारित समय से करीब तीन घंटे विलंब से पहुंचने के कारण पूरा कार्यक्रम प्रभावित हुआ। मंत्री के स्वागत और एक झलक पाने की आस में स्कूली बच्चे घंटों बैठे रहे, तो रही सही कसर रुक रुक कर हो रही बारिश ने आयोजन की रौनक पर पानी फेर दिया। भव्य आयोजन की तैयारियों के बावजूद समारोह अपेक्षित रंग नहीं जमा सका।

जानकारी के अनुसार, मंत्री खुशवंत साहेब सुबह करीब 11 बजे बीजापुर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने करेंगुट्टा पहाड़ी सहित क्षेत्र के प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन किया। इधर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में राज्योत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन मंत्री खुशवंत साहेब को तय कार्यक्रम अनुसार शाम करीब 4 बजे पहुंचना था, लेकिन सड़क की खराब स्थिति और अन्य कारणों के चलते उनका आगमन शाम करीब 7 बजे हुआ। इस दौरान प्रशासनिक अमला और कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे स्कूली बच्चे मुख्य अतिथि के इंतजार में बैठे रहे।

मंत्री के आगमन से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी थी। बच्चों का इंतजार और ऊब दूर करने के लिए मंच से गीत-संगीत का सिलसिला जारी रखा गया। चारों ओर नजरें मुख्य अतिथि के आगमन पर टिकी थीं, लेकिन समय बीतने के साथ आयोजन की उत्सुकता भी प्रभावित होती रही।

जनभागीदारी की तैयारी को बारिश ने बिगाड़ा

जिला प्रशासन की ओर से प्रत्येक जनपद पंचायत से ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी की गई थी, लेकिन मौसम की बेरुखी ने इन तैयारियों पर पानी फेर दिया। बारिश के चलते कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की अपेक्षित भीड़ नजर नहीं आई। दर्शक दीर्घा में खाली पड़ी कुर्सियां आयोजन की वास्तविक तस्वीर पेश करती रहीं। वहीं आश्रमों और स्कूलों से पहुंचे बच्चे बारिश और लंबी प्रतीक्षा के बावजूद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

लोक संस्कृति और पारंपरिक खेलों से बंधा समां

बारिश और अव्यवस्थाओं के बीच स्थानीय लोक संस्कृति ने आयोजन को जीवंत बनाए रखने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत चेरपाल के लोकनृत्य दल की आकर्षक प्रस्तुति से हुई। इसके बाद बालिकाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह दिखाया। देर शाम करीब 7 बजे ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मंत्री खुशवंत साहेब का स्वागत किया गया। उन्होंने जिला प्रशासन के विभागों के द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी और स्टालों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता, एसडीएम राकेश साहू सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा देवेंद्र सिंह पटले, डीएमसी भवानी शंकर रेड्डी, तहसीलदार पंचराम सलामे, बीईओ नागेश्वर निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी आयोजन का हिस्सा बने।

कार सवार को रोककर 5 हजार की लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 3 नवंबर। जिले के परपा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम पल्ली रोड, कांगोली में कार से लौट रहे युवक को रास्ते में रोककर मार-पीट करने और 05 हजार रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने आज सोमवार को दो आरोपियों प्रकाश सेकर (26), निवासी महावीर नगर, जगदलपुर और राजीव साहू (23), निवासी तेतरकुटी, जगदलपुर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, वारदात में शामिल एक नाबालिग को भी अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की रकम में से एक हजार रुपए बरामद किए हैं।

परपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम राजुर, तोकापाल निवासी चुम्मन दास (34) ने थाना परपा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 30 अक्टूबर 2026 को वह अपने निजी काम से कार लेकर तोकापाल गया था। वहां से लौटते समय वह ग्राम पल्ली रोड होते हुए धरमपुरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान 31 अक्टूबर की रात करीब 12:10 बजे ग्राम पल्ली रोड, कांगोली में एक डेली नीड्स दुकान के पास तीन लोगों ने उसकी कार रुकवा ली। आरोपियों ने उसे डराया-धमकाया और उसके साथ मार-पीट की। इसके बाद उसकी जेब में रखे करीब 05 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

पुलिस पीड़ित की शिकायत पर परपा थाने में अपराध क्रमांक 277/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर और एसडीओपी लक्ष्मण पोटाई के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और पीड़ित से पूछ-ताछ की। इसके साथ ही तकनीकी जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस के अनुसार, साक्ष्यों और आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर गिरफ्तार आरोपियों की संलिप्तता सामने आई।

ने कार्रवाई करते हुए 02 नवंबर को प्रकाश सेकर (26), निवासी महावीर नगर, जगदलपुर और राजीव साहू (23), निवासी तेतरकुटी, जगदलपुर को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही वारदात में शामिल एक नाबालिग बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में लूट का एक हजार रुपए जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जबकि बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की गई।

ऐसे बौद्धिक संवादों ने समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य किया है:अजय

- राष्ट्र चिंतन संवाद पर 'बौद्धिक संवाद'के साथ विचारों का मंथन, राष्ट्र निर्माण का संकल्प कार्यक्रम हुआ कुरूद में

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 3 नवंबर। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ मुख्य वक्ताः श्री अजय चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में उपस्थित प्रबुद्ध नागरिक, विचारवंत और उपस्थित देशभक्त साथियों को कहा कि ?आज का यह 'राष्ट्र चिंतन संवाद' केवल औपचारिक शब्दों का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह वह वैचारिक मंथन है जहाँ से सशक्त राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। जब भी राष्ट्र के सामने दिशा और दशा का संकट खड़ा करने का प्रयास हुआ है, तब-तब ऐसे बौद्धिक संवादों ने समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य किया है।राष्ट्रहित सर्वोपरि बनाम सत्ता लोलुपता ?पर प्रहार करते हुए कहा कि लोकतंत्र की आत्मा 'राष्ट्रहित' में बसती है, लेकिन दुर्भाग्य से आज देश का मुख्य विपक्षी दल लोकतंत्र को केवल सत्ता प्राप्ति का साधन मानता है। ?÷लोकतंत्र का अर्थ जनता की सेवा और संविधान का सम्मान होता है, न कि एक परिवार के अहंकार को संतुष्ट करने का तंत्र।÷ ?आज विपक्ष की पूरी राजनीति



राष्ट्र, संविधान और लोकतांत्रिक मर्यादाओं से कोसों दूर होकर केवल और केवल एक परिवार की परिक्रमा तक सिमट कर रह गई है। जब कोई दल राष्ट्रहित से आंखें मूंदकर केवल कुर्सी को अपना अंतिम लक्ष्य बना ले, तो वह लोकतंत्र का रक्षक नहीं बल्कि उसका सबसे बड़ा भक्षक बन जाता है। संविधान और लोकतंत्र की आड़ में दोगलापन करने वाले ये ?आज वही लोग 'लोकतंत्र खतरे में है' का अलाप लगा रहे हैं, जिन्होंने दशकों तक संस्थाओं को बंधक बनाकर अपनी मनमानी चलाई।

एक परिवार का प्रभुत्वः विपक्ष के भीतर न आंतरिक लोकतंत्र बचा है और न ही संगठन में योग्यता का कोई मूल्य। पूरी व्यवस्था केवल एक परिवार के हित साधने में जुटी है। प्रायोजित आंदोलन और विदेशी फंडिंग की गंभीर आशंका जता कर श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' एक बेहद गंभीर विषय पर समाज का ध्यान खींचने के लिए आयोजित किया गया है।?हाल के वर्षों में देश ने देखा है कि किस तरह जनहित के नाम पर आंदोलनों की आड़ में अराजकता का तांडव रचा जाता है। विकास कार्यों को बाधित करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना और समाज को जातियों व वर्गों में बांटना–यह सामान्य विरोध नहीं है। साथ ही उन्होंने उन्होंने कहा कि ?फंडिंग का स्रोत क्या है? मैं इस मंच से सीधे सवाल उठाता हूँ कि इन खर्चीले, सुनियोजित और देश की छवि बिगाड़ने वाले आंदोलनों के पीछे पैसा किसका लगा है?

जांच की मांगः इस बात की प्रबल आशंका है कि भारत की विकास गाथा को रोकने के लिए इन आंदोलनों के तार राष्ट्रविरोधी ताकतों और विदेशी फंडिंग से जुड़े हुए हैं। देश को अस्थिर करने के इस पूरे तंत्र की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच जनता के सामने आ सके। इस मंच को बहुत ही सटीक शब्दों में संबोधित करते हुए विजयशंकर मिश्रा ने कहा कि मै किसी भी राजनीतिक दल का नहीं हु और ना ही रहना चाहता हूं। लेकिन इस तरह से लोकतंत्र, हमारे संविधान और उसके महत्व का अपमान करने वाले का विरोध करता हूं और करता रहूँगा।। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योतिभानु चंद्राकर ने भी अपने संबोधन में विरोधियों के इन प्रदर्शन कृत्यों को बेहद झूठा और जन हित से परे अशांति का काम बताया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, वीरेंद्र साहू

मगरलोड जनपद अध्यक्ष,भूपेंद्र चंद्राकर, मालक राम साहू, भानु चंद्राकर, राजकुमार बजाज कृष्णकांत साहू, थानेश्वर तारक, सुनील चंद्राकर, होरीलाल साहू, कविता चंद्राकर, भूमिका सिन्हा,साहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

नक्सलवाद से मुक्त भारत के बाद विकास की नई राह पर बीजापुर में होगा संवाद

- 4 नवंबर को PIB रायपुर और जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकारों के लिए विशेष वार्तालाप कार्यक्रम, शांति, सुरक्षा और विकास के मुद्दों पर होगी चर्चा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 3 नवम्बर। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों में शांति स्थापना के बाद विकास की नई संभावनाओं और जमीनी बदलावों को सामने लाने के उद्देश्य से 4 नवंबर को बीजापुर में विशेष वार्तालाप कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय बीजापुर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

गृह मंत्रालय की पोस्ट एलडब्ल्यूई (वामपंथी उग्रवाद के बाद की स्थिति) मीडिया रणनीति के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में हुए बदलाव, विकास कार्यों और शांति एवं विश्वास बहाली के प्रयासों पर जानकारी साझा की जाएगी। कार्यक्रम में नक्सलवाद के कारण विकास में आई बाधाओं, स्थानीय जनजीवन पर पड़े प्रभाव, महिलाओं के शोषण और अत्याचारों के साथ ही सुरक्षा बलों के संघर्ष, बलिदान और वीरता की कहानियों पर भी चर्चा होगी।

इसके अलावा नक्सलवाद के प्रभाव से बाहर निकलने के बाद क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों, स्थानीय समुदायों के जीवन में आए बदलावों और सरकार की आगामी योजनाओं को लेकर भी संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीजापुर सहित नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और विकास की बदलती तस्वीर को मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाना है।

मीडिया कर्मियों को स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा सुरक्षा देने की तैयारी, 30 नवंबर तक मांगे सुझाव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 3 नवंबर। छत्तीसगढ़ में कार्यरत मीडिया कर्मियों को स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में राज्य शासन ने पहल शुरू की है। पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना-2026' का प्रारूप तैयार किया गया है। शासन ने योजना को अंतिम रूप देने से पहले मीडिया जगत से सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसके लिए 1 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक एक महीने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

योजना के प्रारूप को जनसंपर्क विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.dprcg.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। इच्छुक मीडिया कर्मी योजना के प्रावधानों, प्रारूप और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित अपने सुझाव ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं।

मीडिया कर्मी अपने सुझाव निर्धारित अवधि के भीतर chhattisgarhmediakarmi@gmail.com पर भेज सकते हैं। शासन का उद्देश्य प्राप्त सुझावों के आधार पर योजना के प्रारूप और क्रियान्वयन संबंधी पहलुओं पर विचार करना है।

पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत मीडिया कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों और आकस्मिक दुर्घटनाओं के समय आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण विषय रहा है। ऐसे में प्रस्तावित समूह बीमा योजना को अंतिम रूप देने से पहले मीडिया कर्मियों की राय और व्यावहारिक सुझाव महत्वपूर्ण होंगे। अब सबकी निगाहें इस बात पर रहेंगी कि सुझावों के बाद योजना को किस स्वरूप में लागू किया जाता है और मीडिया कर्मियों को इसका कितना लाभ मिल पाता है।



रायपुर 3 नवंबर। रायपुर नगर पालिक निगम जल कार्य विभाग द्वारा तेलीबाँधा गुरूद्वारा के पास 700 एमएम डीआईए पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य निरन्तर प्रगति पर है. सुधार कार्य के कारण पुराना फिल्टरप्लांट 80 एमएलडी से भरने वाले जलागार राजेन्द्र नगर, श्याम नगर, तेलीबाँधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी पुरानी टंकी क्षेत्र में 3 नवम्बर 2026 को संध्याकालीन जलापूर्ति आंशिक प्रभावित रहेगी.

दीपावली पर पटाखा दुकानों की नियमित करें जांच, अग्निशमन सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 3 नवम्बर। आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने पटाखा दुकानों की नियमित जांच करने और उनमें अग्निशमन सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पटाखा दुकानों का नियमित निरीक्षण करें तथा सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करें, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। कलेक्टर आज समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।



कलेक्टर ने पेट्रोल पंपों में शौचालय बंद रहने संबंधी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए खाद्य अधिकारी को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंपों में आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ एवं सर्वसुलभ शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। अधिकारियों को इसकी नियमित निगरानी करने तथा नगरीय निकायों के अंतर्गत स्थापित व्यावसायिक परिसरों में भी साफ-सफाई सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनदर्शन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागीय अधिकारी संबंधित पोर्टल का नियमित अवलोकन करें और लंबित शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कलेक्टर ने भूमि पट्टा वितरण की समीक्षा करते हुए नियमानुसार पात्रता का परीक्षण कर वास्तविक जरूरतमंद हितग्राहियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं शिक्षा ऋण योजना की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के बजट प्रस्ताव 15 नवंबर तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

हर घर मुनगा अभियान के तहत पौधारोपण एवं संरक्षण पर जोर : कलेक्टर ने हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य संस्थाओं में मुनगा पौधों के रोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधारोपण के साथ ही पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से शासन की योजनाओं एवं प्राथमिकता वाले कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

एक नजर

घरघोड़ा में कलेक्टर कैंप 4 से, दूरस्थ अंचल के लोगों को मिलेगी राहत

रायगढ़, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रशासनिक सेवाओं को आम नागरिकों के करीब पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत 4 नवंबर से प्रत्येक बुधवार को घरघोड़ा में कलेक्टर कैंप कोर्ट, जनदर्शन और विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित होगी। कैंप कोर्ट में घरघोड़ा, धरमजयगढ़ और लैलूंगा क्षेत्र के प्रथम एवं द्वितीय अपील के राजस्व प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। वहीं जनदर्शन में नागरिक सीधे कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं और शिकायतें रख सकेंगे। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की जाएगी। कलेक्टर के साथ संबंधित शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। इस व्यवस्था से दूरस्थ अंचलों के लोगों को राजस्व मामलों और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय आने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं की सुनवाई और शासकीय कार्यों के निराकरण में तेजी आएगी।

आमजनों तक आसानी से पहुंच रहा डिजिटल सेवाओं का लाभ

रायगढ़, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासन की डिजिटल सेवाओं का लाभ अब आमजनों तक आसानी से पहुंच रहा है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से शासकीय प्रमाण पत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन और उनके समयबद्ध निराकरण से लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। इसका लाभ खरसिया तहसील के ग्राम तेलीकोट निवासी जागृति कुर्रे को भी मिला है। उन्होंने सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया, जिसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकृति प्रदान कर दी गई। जागृति कुर्रे को अपनी उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले ऐसे प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था और कार्यालयों के कई बार चक्कर भी लगाने पड़ते थे। जागृति ने तहसील कार्यालय खरसिया स्थित सेवा सेतु केंद्र में 6 अक्टूबर को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड किए गए। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुछ ही दिनों में उनका जाति प्रमाण पत्र स्वीकृत कर जारी कर दिया गया। जागृति कुर्रे और उनके परिवार ने इस सुविधा के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से जाति, निवास, आय सहित विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

एमसीएच में तीन महिलाओं की बच्चेदानी की जटिल सर्जरी सफल

विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम के समन्वय से सफल हुए ऑपरेशन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 3 नवम्बर। मातृ एवं शिशु अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में तीन महिलाओं की बच्चेदानी निकालने की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई। तीनों महिलाएं बच्चेदानी से संबंधित अलग-अलग स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थीं। इनमें बच्चेदानी में गांठ एवं बच्चेदानी की अंदरूनी परत में असामान्य वृद्धि के मामले शामिल थे। चिकित्सकों की टीम ने आवश्यक जांच एवं चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों महिलाओं का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ जटिल समस्याओं के उपचार और आवश्यक सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने कहा कि एमसीएच में एक साथ तीन जटिल ऑपरेशन का सफलतापूर्वक संपन्न होना चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता और टीम के सामूहिक प्रयास को दर्शाता है। बच्चेदानी में गांठ और अन्य असामान्य समस्याओं के कारण महिलाओं को कई बार गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों में समय पर जांच, उचित चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यकतानुसार सर्जरी से मरीजों को राहत मिल सकती है।

सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल ने बताया कि सभी ऑपरेशन स्त्री रोग विशेषज्ञों, एनेस्थीसिया टीम, मेडिकल ऑफिसर, ओटी एवं वार्ड स्टाफ के आपसी समन्वय से संपन्न किए गए। एमसीएच इंचार्ज डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की सर्जरी में ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के साथ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और नर्सिंग स्टाफ की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। पूरी टीम ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

सर्जरी में शामिल चिकित्सकीय टीम: तीनों ऑपरेशन में सर्जन के रूप में डॉ. दिशा ठाकुर क्षत्रिय एवं डॉ. उपमा पटेल शामिल रहीं। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. उषा भगत एवं डॉ. घनिष्ठा तथा मेडिकल ऑफिसर के रूप में डॉ. रामाशंकर ने अपनी सेवाएं दीं। इसी प्रकार ऑपरेशन थिएटर में लता मेहर, जैसिंटा एवं गुड्डी सिस्टर तथा वार्ड में प्रधान सिस्टर, शारदा सिस्टर एवं अंशु सिस्टर ने मरीजों की देखभाल एवं उपचार प्रक्रिया में सहयोग दिया। जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने सफल सर्जरी में योगदान देने वाले सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफएवं स्वास्थ्यकर्मियों के प्रयासों की सराहना की।

वित्त मंत्री चौधरी ने किरोड़ीमल महाविद्यालय में 10.78 करोड़ रुपए लागत के भवन एवं लैब निर्माण का किया भूमिपूजन

रायगढ़, 3 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्योत्सव के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सौगात मिली है। इसी कड़ी में वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने सोमवार शाम शासकीय किरोड़ीमल स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायगढ़ में 10 करोड़ 78 लाख 80 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित भवन एवं प्रयोगशाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय में दशकों से भवन एवं शैक्षणिक अधोसंरचना के विस्तार की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। महाविद्यालय के पुराने भवन का विस्तार करने के साथ नए भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे महाविद्यालय की तस्वीर बदलेगी और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी। निर्माण कार्य में 12 कक्षाएं, 9 प्रयोगशालाएं, स्टाफरूम, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब और सेमिनार हॉल जैसी सुविधाएं विकसित होंगी। इसके साथ ही स्थायी सांस्कृतिक मंच और डोम का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अलग से मंच तैयार नहीं करना पड़ेगा। वित्त मंत्री चौधरी ने निर्माण एजेंसी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। शासन द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह राशि स्वीकृत की गई है, इसलिए निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा होना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को मिलेगी आर्थिक सहायता वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर अगले चार-पांच वर्षों की मेहनत उनके भविष्य की दिशा तय करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की युवा योजना के तहत यूपीएससी की तैयारी करने वाले चयनित 200 विद्यार्थियों को कोचिंग शुल्क, दिल्ली में रहने और भोजन के लिए लगभग 3.50 से 4 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। इसी तरह पीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग और व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए शिखर, उड़ान और मंजिल योजनाएं भी शुरू की गई हैं।

समाचार संक्षेप

जयपुर रग्स ने की वार्षिक विशेष छूट की घोषणा

रायपुर, 3 नवम्बर। जयपुर रग्स, हाथ से बनाए गए रग्स और कालीनों के क्षेत्र में भारत के प्रमुख नामों में से एक, जयपुर रग्स वार्षिक सेल 2026 की घोषणा करता है। इस वर्ष लगभग 10,000 रग्स का एक विस्तृत संग्रह पेश किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग शिल्प, डिजाइन, तकनीक और कीमतों के विकल्प शामिल हैं। ग्राहकों को इन पर 60त्न तक की छूट मिलेगी। लेकिन इस वर्ष जयपुर रग्स की सेल का उद्देश्य इससे कहीं बड़ा है। 2026 की इस पहल के तहत बिक्री की एक निश्चित राशि ग्रामीण इलाकों की उन लड़कियों के लिए साइकिल फंड में दी जाएगी, जो स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करती हैं। यह पहल एक ऐसी वास्तविकता को सामने लाती है, जो देखने में बहुत साधारण लग सकती है—भारत के कई ग्रामीण इलाकों में घर से स्कूल की दूरी यह तय कर सकती है कि किसी लड़की के लिए शिक्षा कितनी आसान या मुश्किल होगी। इन लड़कियों के लिए साइकिल सिर्फ आने-जाने का साधन नहीं है। यह समय बचाने, लंबी दूरी कम करने, सुरक्षा बढ़ाने और स्कूल की पढ़ाई जारी रखने का एक माध्यम बन सकती है।

अमेज़न पे से ज्यादा से ज्यादा बचत के 6 तरीके

रायपुर, 3 नवम्बर। त्योहारों का मौसम खरीदारी करने, अपने प्रियजनों के पास घर जाने और उत्सव की तैयारियां करने का समय होता है। 'अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल' के साथ ग्राहक खरीदारी, यात्रा और डिजिटल भुगतान पर मिलने वाले कई तरह के ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं, ताकि त्योहारों पर खर्च किया गया हर रुपया ज्यादा काम आए। अमेज़न पे बचत करने के कई तरीके एक साथ लाता है, चाहे आप अपने घर को नया लुक दे रहे हों, त्योहारों की छुट्टियों के लिए ट्रिप बुक कर रहे हों या रोजमर्रा के भुगतान कर रहे हों।

अमेज़न ने टाटा मोटर्स से किया समझौता

रायपुर, 3 नवम्बर। अमेज़न और टाटा मोटर्स ने आज भारत में अमेज़न के ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में 3,000 इलेक्ट्रिक ट्रक शामिल करने के लिए साझेदारी का ऐलान किया। भारत में किसी ई-कॉमर्स कंपनी की ओर से इलेक्ट्रिक ट्रकों की यह सबसे बड़ी तैनाती है। बेड़े के विद्युतीकरण को लास्ट-माइल डिलीवरी से आगे ले जाने की दिशा में यह अमेज़न का अब तक का सबसे अहम कदम है। ये ट्रक अमेज़न की फैसिलिटीज के बीच, अलग-अलग शहरों में और नेशनल फ्रेट कॉरिडोर पर ग्राहकों के शिपमेंट ले जाएंगे। टाटा इलेक्ट्रिक ट्रकों के पहले जत्थे को दिल्ली में श्री एच.डी. कुमारस्वामी, माननीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री, भारत सरकार; श्री अभिनव सिंह, वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, अमेज़न, एशिया-पैसिफिक, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका और तुर्की; श्री किशोर लंका, डायरेक्टर, ऑपरेशंस, अमेज़न इंडिया; श्री सुशांत नाइक, ग्लोबल हेड (गवर्नमेंट एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स) और चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर, टाटा मोटर्स और श्री राजेश कौल, वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड (ट्रक्स), टाटा मोटर्स ने अन्य गणमान्य लोगों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

व्यापारिक एकजुटता एवं स्वदेशी अपनाने का संदेश



रायपुर, 3 नवम्बर। युवा कैट छत्तीसगढ़ द्वारा आगामी दीपावली पर्व एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर YUVA CAIT Business Meet 2026 का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों एवं व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेषता दीपावली थीम एवं पारंपरिक वेशभूषा रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक एवं स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक जगदीश पटेल जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री शंकर त्रिपाठी जी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में स्वदेशी, स्वावलंबन एवं राष्ट्र निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं एवं व्यापारियों को देश की आर्थिक मजबूती में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, स्वरोजगार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि CAIT सदैव राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर पारवानी जी के नेतृत्व में Vocal for Local अभियान को प्रोत्साहित करता आया है। स्थानीय व्यापार, स्वदेशी उत्पादों एवं छोटे व्यापारियों को बढ़ावा देना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

आबकारी विभाग की टीम ने 204 लीटर अवैध महुआ शराब और 440 किलो महुआ लाहन जब्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 3 नवम्बर। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम ने तमनार एवं चक्रधर नगर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 204 लीटर महुआ शराब और 440 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 नवंबर को आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम तमनार, थाना तमनार में कार्रवाई की। इस दौरान बनमती बाई उरांव के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।



आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, 31 अक्टूबर को आबकारी उप निरीक्षक अंकित अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम रेगड़ा के जंगल में छापामार कार्रवाई की। यहां लावारिस हालत में कुल 195 लीटर महुआ शराब एवं 440 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 61 हजार रुपये है। मामले में लावारिस प्रकरण कायम कर जब्त सामग्री से जुड़े आरोपियों की तलाश की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में 9 नए मतदान केंद्र स्वीकृत, 13 मतदान केंद्रों के स्थान में किया गया बदलाव

- मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों का हुआ युक्तियुक्तकरण, जर्जर भवनों की जगह सुरक्षित भवनों में होगी मतदान की व्यवस्था
- लैलूंगा में 7 और धरमजयगढ़ में 2 नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, रायगढ़ शहर के मतदान केंद्रों में भी बदलाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 3 नवम्बर। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने रायगढ़ जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर आयोग ने 30 अक्टूबर 2026 को सहमति दी है। इस निर्णय के तहत जिले में 9 नए मतदान केंद्रों का गठन किया गया है, जबकि 13 मतदान केंद्रों के स्थल में बदलाव किया गया है। इसके अलावा कुछ मतदान केंद्रों के भवन एवं नामों में भी आवश्यक संशोधन किए गए हैं। मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के लिए नजदीक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराना है। इससे विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं, बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान के दौरान सुविधा मिलेगी।

लैलूंगा और धरमजयगढ़ में बनाए गए नए मतदान केंद्र : जिले में स्वीकृत 9 नए मतदान केंद्रों में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में 7 तथा धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 मतदान केंद्र शामिल हैं। लैलूंगा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की अधिक दूरी और मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण कोन्दाटिकरा, गोढ़ी, केंकराझरिया, बरडीह, बांधापाली, टांगरघाट एवं पाली में नए मतदान केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शाहपुर से तराईमार की लगभग 5 किलोमीटर दूरी को देखते हुए बुजुर्गों एवं महिलाओं की सुविधा के लिए प्राथमिक शाला तराईमार में नया मतदान केंद्र बनाया गया है।

मतदान केंद्रों के नाम और अनुभागों में भी संशोधन

युक्तियुक्तकरण के तहत रायगढ़ शहर के 4 मतदान केंद्रों के नामों में भी संशोधन किया गया है। उप पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का नाम परिवर्तित होकर क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला होने तथा अनाथालय प्राथमिक शाला का नाम दुर्गा कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला किए जाने के कारण संबंधित मतदान केंद्रों के नाम अद्यतन किए गए हैं। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 4 अनुभागों का पुनर्गठन किया गया है। इससे मतदाताओं की दूरी लगभग 6 किलोमीटर से घटकर 3 किलोमीटर रह जाएगी। इसके अलावा मतदान केंद्र क्रमांक 231 तरेकेला के एक अनुभाग का नाम कुड़ेकेला चोकपारा से संशोधित कर तरेकेला चोकपारा किया गया है। मतदान केंद्रों के इस युक्तियुक्तकरण से जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए अधिक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होंगे। नए मतदान केंद्रों के गठन, जर्जर भवनों के स्थान पर सुरक्षित भवनों की व्यवस्था तथा अनुभागों के पुनर्गठन से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

वित्त मंत्री चौधरी ने किया जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ, 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम पर आयोजित हुआ भव्य समारोह, विभागीय प्रदर्शनी में शासन की योजनाओं और उपलब्धियों का प्रदर्शन

राज्योत्सव में दिखाई दी विकास और संस्कृति की झलक

- 600 करोड़ के रिंग रोड सहित रायगढ़ में 100 से अधिक विकास कार्यों का उल्लेख, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बंधा समां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 3 नवम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले में राज्योत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित संत पूज्य प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी. चौधरी शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत और छत्तीसगढ़ राज्यगीत के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस वर्ष राज्योत्सव का आयोजन 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम पर किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से अस्तित्व में आया छत्तीसगढ़ राज्य: कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों, खनिज संपदा, जल, जंगल और जमीन से समृद्ध छत्तीसगढ़ लंबे समय तक अलग राज्य की पहचान और विकास के अधिकार से वंचित रहा। वर्ष 1956 से 2000 तक के 44 वर्षों में छत्तीसगढ़ की संभावनाओं के अनुरूप विकास नहीं हो पाया। प्रदेश की पीड़ा और अलग राज्य की आवश्यकता को समझते हुए भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के योगदान को स्मरणीय बनाने के लिए नवा रायपुर का नाम अटल नगर रखा गया है। प्रदेश के नगरीय निकायों में उनके स्मारक बनाए जा रहे हैं तथा नवा रायपुर में उनकी देश की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 26 वर्षों की यात्रा में विकास के अनेक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किए हैं। वर्ष 2000 में प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, जो आज बढ़कर 21 हो गया है। इसी तरह आईआईटी, ट्रिपल आईटी, आईआईएम, एनआईटी, एम्स, एचएनएलयू, सीपेट सहित अनेक राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान प्रदेश में स्थापित हुए हैं। पिछले दो वर्षों में निफ्ट, एनएफएसयू जैसे संस्थानों की स्थापना भी हुई है। इन संस्थानों से प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने रायगढ़ के युवाओं और अभिभावकों से इन संस्थानों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।





राज्योत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बंधा समां

रायपुर, 3 नवंबर। राज्योत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, कला और भक्ति संगीत के रंगों से सराबोर हुए दर्शकछत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 के दूसरे दिन नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव मैदान में कला, संस्कृति, आस्था और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्य मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत से परिचित कराया। वहीं छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत, शास्त्रीय नृत्य और आधुनिक संगीत की प्रस्तुतियों ने राज्योत्सव की शाम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने दूसरे दिन प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित कर बधाई दी। मुख्य मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत विशेष नाट्य प्रस्तुति 'मैं अयोध्या हूं' से हुई। एक घंटे की इस नाट्य प्रस्तुति में अयोध्या की ऐतिहासिक,



धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रभावशाली अभिनय एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाट्य मंचन में भारतीय संस्कृति, आस्था, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास की झलक देखने को मिली। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से भारतीय सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवंत किया और राम मंदिर निर्माण के इतिहास, आस्था और संस्कृति के इस अनूठे संगम ने दर्शकों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराया। राज्योत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, कला और भक्ति संगीत के रंगों से सराबोर हुए दर्शक राज्योत्सव की सांस्कृतिक संध्या में राम आयेंगे फेम प्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुश्री स्वास्ति मेहुल ने अपनी सुरीली आवाज और भक्ति प्रस्तुति से राज्योत्सव की शाम को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से आम जन को भक्ति मय माहौल बना दिया। 'राम आएंगे.....' में जहां लोग झूमते नजर आए और 'कान्हा आन बसो वृंदावन...' ने लोगों को वृंदावन की कृष्ण भक्ति धारा में विभोर कर दिया। छत्तीसगढ़ी पार्श्व गायिका कंचन जोशी ने छत्तीसगढ़ी गानों से सभी का मन मोह लिया। मोला ले दे ना राजा सोन के नथनी....., मोर मन झूमे.....और कर ले तै मया के चिन्हारी..... गानों को सुन कर श्रोता बरबस ही अपनी जगह पर ही झूमने लगे। कंचन जोशी ने छत्तीसगढ़ी गानों की मिठास से सभी को सम्मोहित कर लिया। राज्योत्सव के मुख्य मंच के साथ ही शिल्पग्राम में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक छटा बिखरी। यहां आयोजित 11 सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत, पंडवानी, सुआ नृत्य, ओडिसी, कथक, सूफी संगीत, गजल और लोकमंच जैसी विविध कलाओं का आकर्षक संगम देखने को मिला। शिल्पग्राम के मंच पर श्रीमती प्रसन्ना अवस्थी ने लोकसंगीत एवं नृत्य तथा सुश्री सुष्मिता दास ने ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति दी। दुर्ग की सुश्री समप्रिया पूजा निषाद ने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायन परंपरा को जीवंत किया। बिलासपुर के श्री अंकित निर्मलकर ने सूफी, गजल एवं सुगम गायन के माध्यम से संगीत के विविध रंग बिखेरे।

गरियाबंद की सुश्री मिलवंतीन बाई ने पारंपरिक सुआ नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। रायपुर की सुश्री मेघा बोस ताम्रकार ने लोकसंगीत की प्रस्तुति दी। वहीं सुश्री आंचल पाण्डेय और श्रीमती विनीता त्रिपाठी ने कथक नृत्य के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा की सुंदर अभिव्यक्ति की। धमतरी की सुश्री रुखमनी दीवान और श्री तेजराम साहू ने लोकमंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोकजीवन, परंपराओं और सामाजिक संस्कृति को प्रस्तुत किया। श्री आदित्य मिश्रा बैंड की संगीतमय प्रस्तुति ने भी सांस्कृतिक आयोजन में विशेष रंग भरे।

एक नजर

सलाखों के पीछे शिक्षा और आत्मनिर्भरता से बंदियों को मिल रही नई पहचान

रायपुर, 3 नवंबर। जेल की चारदीवारी के भीतर भी प्रतिभा पनप सकती है, हुनर निखर सकता है और शिक्षा के माध्यम से जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 में जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ विभाग की प्रदर्शनी इसी सकारात्मक बदलाव की प्रेरक तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। यहां बंदियों की कलात्मक प्रतिभा, कौशल विकास, शिक्षा और पुनर्वास से जुड़ी गतिविधियां दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। प्रदर्शनी यह संदेश दे रही है कि जेलें केवल दंड के लिए नहीं, बल्कि सुधार, पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक वापसी का अवसर प्रदान करने वाली संस्थाएं भी हैं। राज्योत्सव में जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में प्रदेश की विभिन्न जेलों में संचालित सुधारात्मक गतिविधियों को आकर्षक फोटो प्रदर्शनी एवं बंदियों द्वारा तैयार उत्पादों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यहां बंदियों के हुनर, रचनात्मकता और आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों की झलक देखने को मिल रही है। प्रदर्शनी में युवा बंदियों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित रिनश्चय कार्यक्रमश् की गतिविधियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बंदियों को फास्ट फूड निर्माण, खाद्य सामग्री तैयार करने तथा अन्य रोजगारोन्मुखी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला बंदियों द्वारा अचार निर्माण तथा बंदियों द्वारा भगवान श्री गणेश एवं माँ दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं का निर्माण उनके कौशल और रचनात्मकता को दर्शाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य बंदियों को ऐसे व्यावसायिक कौशल से जोड़ना है, जो जेल से रिहाई के बाद उन्हें आजीविका और सम्मानजनक जीवन की नई शुरुआत करने में सहायक बन सकें। जेल विभाग के स्टॉल में बंदियों द्वारा बनाई गई चित्रकलाएं, जूट उत्पाद, अचार, सरसों तेल, नमकीन और एलईडी उत्पाद प्रदर्शन के लिए रखे गए हैं। ये उत्पाद बंदियों की मेहनत, लगन और प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित कौशल को प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदर्शनी में मैनपाट महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा बंदियों के हस्तनिर्मित कलात्मक उत्पादों के अवलोकन की तस्वीर भी लगाई गई है। यह तस्वीर बंदियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन देने और उनके पुनर्वास के प्रयासों को दर्शाती है।

एनएमडीसी भर्ती में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

जगदलपुर, 3 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले में एनएमडीसी की एल-01 एवं एल-02 भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने तथा उन्हें रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय युवाओं के हितों,भर्ती प्रक्रिया में उनकी सहभागिता तथा रोजगार के अवसरों से जुड़े विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर के युवाओं को उनके ही क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है द्य एनएमडीसी की एल-1 एवं एल-2 भर्ती सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए,ताकि उन्हें अपनी योग्यता और क्षमता के अनुरूप रोजगार प्राप्त हो सके। इस विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। हमें उम्मीद है कि स्थानीय युवाओं के हित में सकारात्मक पहल होगी। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि दंतेवाड़ा सहित संपूर्ण बस्तर के युवाओं में प्रतिभा और कार्यक्षमता की कोई कमी नहीं है। जिस क्षेत्र के संसाधनों से देश के विकास को गति मिल रही है, उस क्षेत्र के स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के माध्यम से विकास की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। एनएमडीसी की एल-01 एवं एल-02 भर्ती में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यायसंगत अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

ऊर्जा क्षेत्र में 5.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश की संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

रायपुर, 3 नवंबर। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज आयोजित भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो 2026 में छत्तीसगढ़ ने ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाओं और भविष्य की अपनी योजनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने चार दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में आयोजित उच्चस्तरीय गोलमेज बैठक में भाग लिया। उन्होंने अगले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ के ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 5.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश की संभावनाओं की जानकारी देते हुए देश-विदेश के निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी तथा केंद्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाइक भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत 23 हजार 923 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में लगभग 1.33 लाख करोड़ रुपए तथा ताप विद्युत उत्पादन क्षमता के विस्तार में लगभग 3.27 लाख करोड़ रुपए के निवेश की योजना है।



राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश की हरित ऊर्जा क्षमता को वर्तमान 3 हजार मेगावाट से बढ़ाकर 15 हजार मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही बिजली की कुल मांग में हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी वर्तमान 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 45 प्रतिशत से अधिक करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वर्ष 2030 तक गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता विकसित करने का राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 28 हजार मेगावाट से अधिक है। बिजली की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ताप विद्युत के साथ-साथ सौर ऊर्जा, जल विद्युत, बायोमास और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का संतुलित विकास कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में बिजली की निर्बाध और भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा भंडारण सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत 12 हजार 300 मेगावाट की कुल क्षमता वाली 10 पंप स्टोरेज जल विद्युत परियोजनाओं की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं में लगभग 65 हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में प्रदेश में 10 हजार मेगावाट-घंटे क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करने की योजना है। राजनांदगांव में 100 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के साथ 40 मेगावाट/120 मेगावाट-घंटे क्षमता की बैटरी भंडारण प्रणाली पहले से संचालित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव जिले का खैरा गांव छत्तीसगढ़ का पहला पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा से संचालित गांव बन गया है। यहां सभी 141 घरों की छतों पर 2-2 किलोवाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिनसे कुल 282 किलोवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। विशेष बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 93 घरों में भी सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए ग्रामीणों को कोई खर्च नहीं करना पड़ा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि राज्य सरकार घरों और खेतों तक सौर ऊर्जा का लाभ पहुंचाने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक लगभग 1.26 लाख सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसी प्रकार प्रदेश में 1.66 लाख सौर सिंचाई पंपों के माध्यम से लगभग 1.94 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई की जा रही है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत भी कुल 395 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि अवशेष, गोबर और अन्य जैविक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता है। इनके उपयोग से कंप्रेस्ड बायोगैस, बायो-एथेनॉल और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इन संभावनाओं को नए उद्योगों और निवेश के अवसरों में बदलने के लिए कार्य कर रही है।

सशक्त नारी और युवा शक्ति के संकल्प से बनाएंगे विकसित छत्तीसगढ़ : अरुण साव



रायपुर. 3 नवंबर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में जिला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री साव ने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सशक्त नारियों और हुनरमंद युवाओं की भागीदारी से विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प साकार होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण, अधोसंरचना विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ के लोगों की भावनाओं और कठिनाइयों को समझकर पृथक राज्य की सौगात दी। धन-धान्य, वन और खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ को अलग पहचान दिलाने वाले अटल जी सदैव यहां के लोगों के हृदय में बसे रहेंगे। उनके सपनों के अनुरूप समृद्ध और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। श्री साव ने कहा कि राज्योत्सव की थीम 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' सरकार की प्राथमिकताओं को अभिव्यक्त करती है। महतारी वंदन योजना और बिहान के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। युवाओं की शिक्षा और कौशल विकास के लिए नए संस्थान प्रारंभ किए जा रहे हैं। फैशन डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में भी अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। प्रत्येक जिले में नालंदा परिसर के निर्माण से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की पहल की गई है। यहां के युवा अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। खेल अलंकरण सम्मान पुनः शुरू किया गया है। पहली बार आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में सुदूर गांवों के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। उन्होंने मैनपाट की टीम के कक्षा ग्यारहवीं के खिलाड़ी मोहित के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी अपनी प्रतिभा से टीम को जीत दिला रहे हैं।

निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं तय समय में पूरे करें सभी काम : साव

रायपुर. 3 नवंबर। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज मुंगेली नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन प्रवेश द्वार, स्विमिंग पूल, नालंदा परिसर और नगर पालिका भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। श्री साव ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे हों और निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। श्री साव के साथ विधायक श्री धरमलाल कौशिक भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।



उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सबसे पहले साइंस कॉलेज के पास नवागढ़ रोड पर निर्माणाधीन प्रवेश द्वार का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने स्विमिंग पूल और नालंदा परिसर के निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

वरिष्ठ नेता स्व. डोमनलाल कोर्सेवाड़ा को मंत्री राजेश अग्रवाल ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रायपुर, 3 नवंबर। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता स्व. डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के निधन पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्री श्री अग्रवाल बालोद जिले के ग्राम भेंडरा स्थित स्व. कोर्सेवाड़ा के पैतृक निवास पहुंचे और उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया तथा दुःख की इस घड़ी में अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि स्व. डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का निधन प्रदेश के सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका संपूर्ण जीवन सादगी, समर्पण और जनसेवा की भावना से प्रेरित रहा। उन्होंने अपने सरल एवं सहज व्यक्तित्व के माध्यम से समाज और सार्वजनिक जीवन में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि स्व. कोर्सेवाड़ा ने जनहित को सदैव सर्वोपरि रखा। समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता, लोगों से आत्मीय जुड़ाव के लिए किया गया उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन जनसेवा और समर्पण की ऐसी प्रेरणादायी मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देती रहेगी।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-4/2026/885/297 **भिलाई, दिनांक 23/10/2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत	निविदा विभाग में प्राप्त होने की अंतिम तिथि
1	पीएमश्री योजना अंतर्गत वार्ड 45 स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मिडियम स्कूल बालाजी नगर खुर्सीपार भिलाई में पेयजल व्यवस्था हेतु बोर खनन एवं पाईपलाईन कार्य	127010.00	13.11.2026

निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की समान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दसतावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट **www.bhilainagarnigam.com** अथवा संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** में भी देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Zone-08

Manual Tender Invitation Notice (1st Call)

Letter No- 52/P.W.D./N.N.R./Zone-8/2026 **Raipur Date-02/11/2026**

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-08 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों फर्मों से प्रतिशत दर/P.W.D. BUILDING S.O.R 2026 निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-13/11/2026 दिन शुक्रवार सायं 5:00 बजे तक। अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

1. दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि-20/11/2026 दिन शुक्रवार।
2. जोन आयुक्त कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-08 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 25/11/2026 दिन बुधवार सायं 5:30 तक।
3. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक-27/11/2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	S.O.R.	ठेकेदार की श्रेणी	फार्म का प्रकार
1	जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड 01, 02, 19, 20 एवं 21 में विभिन्न स्थानों पर बजरी प्रदाय कार्य। (राजीनामा मद)	1.70	2000.00	300.00	1 Month	P.W.D. BUILDING S.O.R.2026	Class 'D'& Above	A

निविदा की शर्तें:-

1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई- पंजीयन प्रमाण पत्र (जीवित) 3. बैंक सॉल्वेंसी (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए) 4. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (3B) (विगत 03 माह 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रू. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी. आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी. आर. जीवित होना आवयश्क है। 7. त्री लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. विवाद की स्थिति में जोन आयुक्त न.पा.नि. रायपुर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
3. प्रस्तुत की जाने वाली दरें जी.एस.टी. एवं अन्य समस्त कर व चार्जेस सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
4. **टीप:-** अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्रमांक-08 में अवलोकन किया जा सकता है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम रायपुर

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

राज्यपाल रमेन डेका ने आसमान में देखा भारतीय वायु सेना का अद्भुत शौर्य,साहस और कौशल

रायपुर, 3 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर नवा रायपुर का आसमान आज भारतीय वायु सेना के अदम्य शौर्य, साहस, अनुशासन और अद्भुत उड़ान कौशल का साक्षी बना। सेंध लेक में आयोजित भारतीय वायु सेना की विश्वप्रसिद्ध सारंग एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम के भव्य एयर-शो में राज्यपाल श्री रमेन डेका शामिल हुए। इस अवसर पर आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम, गरुड़ कमांडोज और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के जांबाजों ने अपने साहसिक करतबों, सटीक नियंत्रण और उत्कृष्ट समन्वय से उपस्थित जनसमूह को रोमांचित कर दिया। पांच हेलीकॉप्टरों की आकर्षक फॉर्मेशन, हैरतअंगेज हवाई करतबों, आसमान में तिरंगे की मनमोहक छटा और 'वंदे मातरम्' की गूंज ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से सराबोर कर दिया।



राज्यपाल श्री रमेन डेका ने भारतीय वायु सेना के जांबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिष्ठित सारंग टीम का यह आयोजन हम सभी के लिए गौरव और प्रसन्नता का विषय है। वायु वीरों ने जिस साहस, अनुशासन, आत्मविश्वास और सटीक समन्वय के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया है, वह प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। यह आयोजन केवल रोमांचकारी हवाई करतबों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारतीय वायु सेना की उत्कृष्ट क्षमता, कठिन प्रशिक्षण, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना का जीवंत परिचय है। उन्होंने प्रदेशवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कामना की, कि हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास, प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहे। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस की खुशियों के बीच भारतीय वायु सेना के जांबाजों का यह अद्भुत प्रदर्शन प्रदेशवासियों के उत्साह और गौरव को और अधिक बढ़ा रहा है।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि सारंग का अर्थ मोर होता है। जिस प्रकार मोर हमारे देश की विशिष्ट पहचान और सुंदरता का प्रतीक है, उसी प्रकार सारंग टीम भारतीय वायु सेना की गरिमा, उत्कृष्ट कौशल और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हवाई प्रदर्शन के दौरान हेलीकॉप्टरों की विभिन्न फॉर्मेशन और साहसिक करतब भले ही देखने में सहज और सुंदर दिखाई देते हों, लेकिन इनके पीछे विस्तृत योजना, निरंतर अभ्यास, गहरी एकाग्रता और असाधारण समन्वय होता है। प्रत्येक पायलट को अपनी भूमिका के साथ-साथ अपने साथियों की गतिविधियों का भी पूरा ध्यान रखना पड़ता है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में एक-दूसरे पर अटूट विश्वास और सटीक तालमेल ही ऐसी अद्भुत प्रस्तुतियों को संभव बनाता है। उन्होंने कहा कि सारंग टीम का प्रदर्शन हमें यह महत्वपूर्ण संदेश देता है कि अनुशासन, समर्पण, सामूहिक प्रयास और आपसी विश्वास से कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। यह प्रदर्शन युवाओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने, अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने और सामूहिक प्रयासों से सफलता हासिल करने की प्रेरणा देता है। एयर-शो का रोमांचकारी शुभारंभ भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम ने किया। खुले आसमान से छलांग लगाते हुए टीम के जांबाजों ने अपने पैराशूट को कुशलतापूर्वक नियंत्रित कर अदम्य साहस, संतुलन और सटीकता का परिचय दिया। निर्धारित दिशा और गति के अनुरूप पैराशूट को नियंत्रित करते हुए स्काईडाइवर्स ने सेंध लेक के सामने निर्धारित स्थान पर सटीक लैंडिंग की।

छत्तीसगढ़ शासन | छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 सशक्त नारी, युवा उड़ान

राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव



समापन समारोह 2026

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

अध्यक्षता
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

विशिष्ट अतिथि
श्री अरुण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
एवं

समस्त माननीय मंत्री, सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

03 नवंबर 2026
सायं 6.00 बजे
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

सुशासन समृद्धि समावेशी विकास
संवर रहा छत्तीसगढ़



पीएम आवास योजना
24.54 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को पक्की छत

रेलवे का विस्तार
₹54,000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन

डेस्टिनेशन छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ में पर्यटन को उद्योग का दर्जा ट्राइबल हेरिटेज व ईको टूरिज्म को बढ़ावा

जनजातीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन
बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक, बस्तर पण्डुम का निरंतर आयोजन

महतारी वंदन योजना
68 लाख महिलाओं को ₹20,708 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

कृषक कल्याणकारी योजनाओं से
₹1.5 लाख करोड़ से अधिक की राशि किसानों को अंतरित

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा
बस्तर-सरगुजा के 815 गाँवों तक सुलभ परिवहन सुविधा

शहीद वीर गुंडाधुर सेवा डेरा
75 सुरक्षा कैंप बन रहे सेवा के केंद्र

CM हेल्पलाइन 1076
समस्या तुरंत, समाधान हमार

सीएम हेल्पलाइन 1076
हर शिकायत की सुनवाई
हर समस्या का समाधान

सेवा सेतु
जनता के द्वार, डिजिटल सरकार
38 विभागों की 953 सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

संवाद-49677/108

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26